हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026



### अतिक्रमण से सड़क की चौड़ाई हो गई थी कम



इंदिरा नगर चौक से नेहरू भवन और आगे जीई रोड तक कई दुकानदारों ने वर्षों से अपनी दुकानों के सामने शेड बनाकर और सामान सड़क तक फैलाकर रखा हुआ था। इसके कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई और रोजाना यातायात प्रभावित होता था। व्यस्त समय में इस मार्ग पर जाम की स्थिति बन जाती थी जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इतना ही नहीं, कई व्यापारियों ने नालियों के ऊपर स्थायी और अस्थायी निर्माण कर कब्जा कर रखा था।

## निगम की टीम से धक्का-मुक्की, अधिकारियों से गाली गलौज, भारी संख्या में पहुंचा पुलिस बल, संभाला मोर्चा

# रावणभाठा में निगम की बड़ी कार्रवाई, कई दुकानों का टूटा बेजा कब्जा, जमकर बवाल, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला स्थित रावणभाठा क्षेत्र में सड़क किनारे स्थित दुकानों में मंगलवार को निगम का बुलडोजर चला। इस कार्रवाई के दौरान दुकान संचालकों ने जमकर हंगामा किया। अतिक्रमण तोड़ने पहुंची जेसीबी के ऊपर लोगों ने चढ़कर कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया। निगम को अधिकारियों ने लोगों को रोकने का प्रयास किया तो लोगों ने धक्का मुक्की करते हुए उनके साथ गाली गलौज की। इस दौरान पुलिस एक युवक को पकड़कर थाने भी ले गई।

अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन-1 के आयुक्त दिनेश कोसरिया और जोन 2 आयुक्त अमरनाथ दुबे के नेतृत्व में हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद था। अधिकारियों ने बताया कि नाली के ऊपर कई सालों से अवैध कब्जा कर दुकान संचालित की जा रही हैं। इससे रावणभाठा क्षेत्र में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। कुछ लोगों ने एक सड़क से दूसरी सड़क को जोड़ने वाली सड़क को बंद कर वहां दुकाने बना ली हैं। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इस पर सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर निगम की टीम ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान लोगों ने जमकर विरोध किया। जोन आयुक्त और निगम कर्मचारियों के साथ बदसलूकी और धक्का-मुक्की की गई। स्थिति तनावपूर्ण होने पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। विरोध के दौरान महिलाओं और बच्चियों को भी आगे खड़ा कर कार्रवाई रोकने की कोशिश की गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मां पुस्तक भंडार के संचालक को हिरासत में लेकर सुपेला थाने भेज दिया।

निगम की टीम ने इस दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कई कब्जों को ध्वस्त कर दिया। निगम की टीम दोपहर करीब 12 बजे पहुंची और 4 घंटों में 8-10 दुकानों का अतिक्रमण तोड़ दिया। निगम के अधिकारियों के अनुसार जिन व्यापारियों ने सरकारी जमीन और नालियों पर अवैध कब्जा कर रखा था, उन्हें पहले ही कई बार नोटिस जारी कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके अधिकांश लोगों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया। इसी वजह से निगम को बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी।



### इस बार नहीं चली विरोध की रणनीति

निगम के नोटिस के बाद कुछ व्यापारियों ने तो सोमवार रात से ही स्वयं अपने अवैध निर्माण हटाने शुरू कर दिए थे। कुछ को भरोसा था कि हर बार की तरह इस बार भी विरोध प्रदर्शन के बाद निगम की टीम बैरंग लौट जाएगी, लेकिन इस बार प्रशासन अपने फैसले पर अडिग रहा और अभियान बिना रुके जारी रखा। कार्रवाई शुरू होते ही कुछ व्यापारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। कई लोग जेसीबी के सामने आ गए, जबकि कुछ ने मशीन पर चढ़कर कार्रवाई रोकने की कोशिश की। कुछ व्यापारियों ने अतिरिक्त समय देने की मांग भी की, लेकिन निगम अधिकारियों ने साफ कर दिया कि पहले ही कई अवसर दिए जा चुके हैं। मौके पर मौजूद निगम आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी लोगों को कई बार नोटिस जारी किए गए थे। पर्याप्त समय देने के बावजूद किसी ने निगम के आदेश का पालन नहीं किया। ऐसे में नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।



### चौथे नोटिस के बाद प्रशासन ने दिखाई सख्ती

रावणभाठा सुपेला में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अचानक नहीं हुई थी। नगर निगम भिलाई ने कब्जाधारियों को पहले ही कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश लोगों ने अवैध निर्माण नहीं हटाए। नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार पहली नोटिस 7 मई 2025 को जारी की गई थी। इसके बाद 20 मई 2025 और 30 मई 2025 को भी अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भेजे गए। इसके बावजूद कब्जे जस के तस बने रहे। करीब 13 महीने तक कार्रवाई नहीं होने से कई अतिक्रमणकारियों को यह भरोसा हो गया था कि इस बार भी कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाएगा। इसी बीच 8 जुलाई 2026 को नगर निगम ने चौथी और अंतिम नोटिस जारी कर अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई कर दी।

### युवती ने ईंट मारकर कार का शीशा तोड़ा जमकर हुआ बवाल



अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान गुजर रही एक कार और बाइक सवार में विवाद हो गया। कार्रवाई के कारण सड़क पर जाम लगा हुआ था। इसी दौरान कार धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही थी। कार के सामने चल रहा बाइक सवार अचानक सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद बाइक सवार और कार चालक के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बाइक पर सवार युवती ने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में ईंट उठाकर कार के शीशे पर दे मारी। ईंट लगते ही कार का शीशा चकनाचूर हो गया। घटना से मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने बाइक सवार की जमकर पिटाई कर दी। बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप किया और बाइक सवार युवक व युवती को हिरासत में लेकर सुपेला थाना ले गई।

### जारी रहेगा अभियान

"अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सार्वजनिक भूमि तथा नालियों पर किए गए कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार की जाएगी। कार्य में बाधा डालने वाले और निगम कर्मचारियों से अभद्रता करने वालों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

\- **दिनेश कोसरिया**, आयुक्त, जोन-1, नगर निगम भिलाई

### कई बार जारी हो चुका था व्यापारियों को नोटिस

"व्यापारियों को नगर निगम द्वारा कब्जा हटाने कई बार नाटिस जारी हुआ था। सीएम कार्यालय तक शिकायत पहुंची थी। नगर निगम की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की। कार्रवाई जागे भी जारी रहेगी।

**-भोजराज सिन्हा,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भिलाई

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3

### खबर संक्षेप

#### शराब की अवैध तस्करी, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रूप से शराब तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सीजी 07 एलएच 9279 में शराब रखकर पतोरा बस्ती, उतई-पाटन रोड किनारे शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर वार्ड 11 धौराभाठा उतई निवासी गजेन्द्र ठाकुर को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने काले रंग की थैली में रखी 30 पौवा देशी मसाला शोले शराब (5.4 बल्क लीटर) बरामद किया गया। जिसकी कीमत 3 हजार रुपए आंकी गई है।

## सभी छात्राओं की हेल्थ चेकअप की डिमांड की जिला शिक्षा विभाग ने

# मेडिकल कांउसलरों ने छात्राओं से काउंसिलिंग की खम्हरिया की छात्राएं मॉस हिस्ट्रीरिया से पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया जुनवानी में बेहोश होती छात्राओं को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने सभी छात्राओं का मेडिकल जांच की मांग स्वास्थ्य विभाग से की है। मंगलवार को इस स्कूल में विद्यार्थी सामान्य रहे। वहीं श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के दो और जिला अस्पताल के दो काउंसलरों ने पीड़ित छात्राओं की काउंसलिंग की।

कांउसिलिंग के दौरान स्कूल की अन्य छात्राओं को अलग रखा गया था। खास बात यह रही कि एक-एक कर बेहोश होती छात्राओं को देखकर बाकी विद्यार्थी दहशत में हैं। काउंसलरों के हिसाब से छात्राएं मॉस हिस्ट्रीरिया की शिकार हो रही है।



### काउंसलरों का मानना मास हिस्ट्रीरिया

जिला स्वास्थ्य विभाग के काउंसलर रानू नायक, बालमुकुंद नेताम व श्री शंकराचार्य के काउंसलर रिषीराज ने छात्राओं की काउंसलिंग की। काउंसलरों के मुताबिक मॉस हिस्ट्रीरिया यानी एक छात्रा के चक्कर आने के बाद कई अन्य छात्राओं को भी चक्कर , घबराहट या बेहोशी जैसी शिकायत होने लगती है। जबकि जांच में कोई स्पष्ट चिकित्सकीय कारण नहीं मिलता। इस स्कूल की छात्राओं में ऐसी ही स्थिति दिखाई दे रही है। यह खास तौर पर 13 से 17 साल की आयुवर्ग में देखा जाता है। पीड़ित छात्राओं से काउंसिलिंग के दौरान कहा गया कि वें घबराएं नहीं। सभी का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है।

### दहशत ऐसा कि छात्राएं कुछ नहीं बोल रही

स्कूल में कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक की क्लास चलती है। यहां हिन्दी माध्यम और अंग्रेजी माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही है। दोनों की शिफ्टों के हिसाब से करीब 1500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों से जब इस सिलसिले में बात करने की कोशिश की गई तो उन्होने डर की वजह से क्लास में चली गई। काउंसलरों को भी यही दिक्कतें आई। इसलिए काउंसलरों ने पीड़ित छात्राओं की काउंसिलिंग कर पाए।

### दूसरे छात्राओं को अलग करने की दी सलाह

काउंसलरों ने स्कूल के टीचरों से कहा कि जब भी कोई विद्यार्थी चक्कर आए या गश खाकर गिर पड़े तो अन्य विद्यार्थियों को तत्काल वहां से हटा दें। कोई भी इस घटना को अंटेंड न कर पाए ऐसी कोशिश कीजीए। इससे स्कूल में पढ़ाई बाधित नहीं होगा और माहौल को सामान्य होने में मदद मिलेगी। इधर पुलिस ने भी घटना को लेकर टीचरों का बयान लिया है।

### मेडिकल चेकअप की मांग

"स्कूल प्रबंधन के माध्यम से हमने सभी विद्यार्थियों का हेल्थ चेक अप की मांग स्वास्थ्य विभाग से की है। काउंसलरों ने पीड़ित छात्राओं को मनोवैज्ञानिक तरीके से समझाने की कोशिश की है। इससे काफी मदद मिलेगी। **-अरविंद कुमार मिश्रा**, डीईओ

### हेल्थ टीम आज भेजेंगे

"छात्राओं की हेल्थ चेकअप करने के लिए हेल्थ टीम बुधवार को स्कूल में भेजेंगे। जिससे पालकों व विद्यार्थियों का भ्रम भी दूर किया जा सके।

**-डॉ. पीयम सिंह,** प्रभारी सुपेला अस्पताल

## स्कूली छात्रों से मारपीट गाली-गलौज, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूली छात्रों के साथ मारपीट गाली गलौज और रंगदारी करने वाले दो युवक और अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने बताया कि मोहम्मद शब्बीर ने पुलिस में शिकायत किया कि स्कूल आने-जाने वाले छात्रों को रोककर अज्ञात परेशान करते हैं।

उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज कर शराब पीने के लिए पैरकम का डिमांड करते है। रकम नहीं देने पर छात्रों से मारपीट किया जाता है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरु किया, पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देने वाले डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी युवराज साहू, एच.सी.एल. कॉलोनी, तेलहा नाला के पास, नंबर-4 शेखर गुप्ता के रुप में शिनाख्त हुआ। दोनों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना मदनी मस्जिद के पास, मदरसा जोन-02, खुर्सीपार की है। युवकों से दो बाइक. लकड़ी का हाकी जब्त किया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों, पालकों एवं छात्र-छात्राओं से अपील करती है कि यदि किसी भी प्रकार की मारपीट, धमकी, वसूली, गाली-गलौज अन्य आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

## पीएनबी के 120 खाताधारकों पर एफआईआर

### भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पंजाब नेशनल बैंक के 120 खाता धारको के खिलाफ पुलिस ने ठगी का अपराध दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल व पुलिस मुख्यालय से मिले पत्र के आधार पर 21 जून 2026 के मुताबिक उक्त बैंक के खाता धारकों ने साईबर ठगी किया है। खाता का उपयोग धारकों द्वारा म्यूल खातो में उपयोग किए गए है। बैंक के खाताधारकों द्वारा छल पूर्वक बेईमानी से अनाधिकृत रुप से अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने ठगी की है। इस कारण पुलिस ने जांच कर खाता धारकों के खिलाफ कार्रवाई किया है। गौरतलब हो कि पुलिस म्यूल खातों को लेकर लगातार कार्रवाई करती आ रही है। इसके कारण खाता बेचकर रकम प्राप्त करने वालों का भी लिस्ट पुलिस ने बनाया है। जल्द साइबर ठगी करने वालों की गिरफ्तार पुलिस जल्द करेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## अजय सोमानी तथा प्रदीप पाल बने रहेंगे स्पर्श के डायरेक्टर

### पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष, एनसीएलटी, कंपनी एवं अस्पताल के प्रशासक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भिलाई के डायरेक्टर्स में चले आ रहे विवाद को लेकर एनसीएलटी कटक का महत्वपूर्ण फैसला आया है। फैसले के मुताबिक स्पर्श के पूर्व डायरेक्टर अजय सोमानी तथा प्रदीप पाल बाहल किया गया है। अब वो फिर से स्पर्श के डायरेक्टर होंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने यहां प्रशासक की भी नियुक्त की है।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) कटक पीठ ने 13 जुलाई 2026 को कंपनी याचिका में एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, भिलाई नगर के प्रबंधन एवं कंपनी के मामलों से संबंधित अल्पसंख्यक शेयर धारक अजय सोमानी और प्रदीप पाल की याचिका को स्वीकार किया है। याचिकाकर्ताओं ओर से अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर एवं उनकी विधि फर्म ने दलील दी कि कंपनी के बहुसंख्यक शेयरधारकों एवं प्रबंध निदेशकों द्वारा कंपनी के मामलों का संचालन कंपनी अधिनियम के विपरीत हो रहा है। कंपनी प्रबंधन द्वारा बड़े पैमाने पर नकद लेन-देन कर कंपनी की धनराशि का दुरुपयोग कर कंपनी की निधियों को व्यक्तिगत खातों में स्थानांतरित कर लेनदारों के हितों के साथ भी धोखाधड़ी की गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गंभीर अनियमितताएं की, जिनके परिणामस्वरूप अस्पताल के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई हुई।

## स्टेडियम, सिवरेज लाइन सहित 9 कार्यों को एमआईसी की बैठक में मिली मंजूरी

# केनाल रोड चौराहे अब गणेश, शहीद भगत सिंह और बोलबम चौक के नाम पर होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक मंगलवार को महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता तथा निगम आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में हुई। बैठक में शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न 14 महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए 9 प्रस्तावों को स्वीकृति एवं अनुशंसा प्रदान की गई।

बैठक में निगम की संपत्तियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षागार्ड व्यवस्था दो माह के देयक भुगतान तथा संबंधित वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति पर महापौर परिषद ने सहमति प्रदान की। महापौर परिषद ने



केनाल रोड के तिराहों एवं चौराहों के नामकरण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नामकरण करते हुए कैनाल रोड जीरो पॉइंट का नाम गणेश तिराहा चौक, क्रांति मार्केट चौक का नाम शहीद भगत सिंह चौक और जी ई रोड से श्रीराम चौक जाने वाले चौक का नाम बोलबम चौक हेतु महापौर परिषद से स्वीकृति प्राप्त हुई है। डोर-टू-डोर राजस्व करों की वसूली के लिए खोले गए काउंटरों के किराया निर्धारण, खुर्सीपार स्थित पूर्व निर्मित स्टेडियम एवं दुकानों के तकनीकी संधारण कार्य के लिए अनापत्ति तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति हेतु अंतिम योग्यता सूची को भी अपनी सहमति प्रदान की गई। इसके अलावा वार्ड 69 एवं 70 हेतु सीवरेज लाइन की कार्य हेतु सीवरेज लाइन अनुभव के साथ सिविल अनुभवी एजेंसी को भी शामिल किए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। लीज नवीनीकरण के भवन निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा 30 सितंबर 2026 तक लिया जाना अनिवार्य होगा । उक्त अवधि के अंदर भवन अनुज्ञा प्राप्त जमीन मालिकों का निर्माण अवधि 2 वर्ष तक किए जाने सहित अन्य प्रस्ताव हेतु महापौर परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की है ।

### स्ट्रीट लाइटों का वार्षिक संधारण ठेके पर

नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम क्षेत्र में स्थापित स्ट्रीट लाइटों के वार्षिक संचालन एवं संधारण कार्य को जोनवार निविदा हेतु पुनः निविदा हेतु निर्णय लिया गया है जिससे कार्य में सुगमता हो। वार्ड 70 में नवनिर्मित मंगल भवन के चारों ओर गार्डन सौंदर्यीकरण एवं पार्किंग निर्माण कार्य सहित अन्य प्रस्ताव पर पुनः निविदा किए जाने का निर्णय लिया गया है। खुर्सीपार स्थित पूर्व निर्मित स्टेडियम एवं दुकानों के सलाहकार समिति में रखे जाने के लिए निर्णय लिया गया है।

### एमआईसी बैठक में ये हुए शामिल

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, लालचंद वर्मा, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू सहित अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, दिनेश कोसरिया, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, संजय अग्रवाल, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, नितेश मेश्राम, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता श्वेता माहेश्वर, विनय शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
FITTER 2 Year (10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरूद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# ताउम्र अपने पति के निर्णयों के साथ खड़ी रहीं शांति वोरा, विधायक बेटे का भी बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अविभाजित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और यूपी के राज्यपाल रहे दिवंगत मोतीलाल वोरा की पत्नी शांति वोरा का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सोमवार की सुबह करीब 11.15 बजे उन्होंने अंतिम सांसें ली। इस जानकारी के बाद पूर्व विधायक और उनके बेटे अरुण वोरा के पद्मनाभपुर में उनके समर्थकों के पहुंचने का तांता लग गया। दिवंगत को फ्रीजर में रखा गया। मंगलवार को वहीं से उनकी अंतिम यात्रा शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए दोपहर करीब डेढ़ बजे निकली। शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में दोपहर करीब 2.15 बजे उनके बड़े बेटे अरविंद वोरा ने दिवंगत शांति वोरा को मुखाग्नि दी। शांति वोरा दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा, समाजसेवी अरविंद वोरा, निर्मला जोशी (बीकानेर), अरुणा व्यास (जोधपुर), अनुराधा व्यास (दिल्ली) एवं अर्चना बिस्सा (भोपाल) की माताजी थीं। साथ ही युवा कांग्रेस नेता सुमीत वोरा एवं संदीप वोरा की दादी थीं। साथ ही कांग्रेस के दिग्गज नेता, केंद्रीय मंत्री रहे मोतीलाल वोरा की पत्नी थीं। मोतीलाल वोरा का पहले ही निधन हो चुका है। अरुण वोरा बताते हैं कि मां ने ताउम्र पिता का हर निर्णय में साथ दिया। बड़े भाई अरविंद और स्वयं उनका हौसला बढ़ाते रहीं। वे काफी सरल, सौम्य एवं सेवा समर्पित थीं। पूरी तरह से धार्मिक और सामाजिक विचारधारा की थीं। उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप उनका अंतिम संस्कार स्व. मोतीलाल वोरा की समाधि स्थल के समीप किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा की पत्नी शांति वोरा पंचतत्व में विलीन







### दोपहर डेढ़ बजे घर से निकली अंतिम यात्रा

91 शांति वोरा के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए पद्मनाभपुर स्थित वोरा निवास पर रखा गया, जहां सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और आम नागरिकों का श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए तांता लगा रहा। सोमवार शाम को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, बीडी कुरैशी सहित कांग्रेस और भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने वोरा निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मंगलवार दोपहर लगभग 1:30 बजे पद्मनाभपुर स्थित निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए अंतिम यात्रा निकली। अंतिम यात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए एकत्र हुए और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, कमलनारायण रुंगटा, मदन जैन, पार्षद दीपक साहू, प्रकाश गीते, अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, भोला महोबिया, महेंद्र कपूर ताम्रकार, अनिल ताम्रकार, राहुल शर्मा, संजय गर्ग, आयुष शर्मा, राजकुमार साहू, साई मंदिर समिति के अध्यक्ष धनेंद्र सिंह चंदेल, सचिव धीरेंद्र शर्मा, प्रकाश शिवणकर, संतोष खिरोडकर, रामेन्द्र बंजारी, मुरलीधर राऊत सहित अन्य मौजूद थे।

### पूर्व सीएम भूपेश सहित कांग्रेस-भाजपा के नेता हुए शामिल

अंतिम संस्कार के दौरान शोक की गहरी लहर छाई रही। इस दौरान शोकसभा में कांग्रेस और भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने श्रीमती शांति वोरा के सरल, सौम्य एवं सेवा-समर्पित व्यक्तित्व तथा उनके सामाजिक और धार्मिक योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, भिलाई महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल, दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश साहू, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेन्द्र साहू, दीपक दुबे, अय्यूब खान, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव, राजकुमार नारायणी, राकेश शर्मा, सीजू एंथोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लो वोल्टेज से मुक्ति, लिटिया-सेमरिया में लगे दो ट्रांसफार्मर

## दुर्ग और राजनांदगांव जिले के औद्योगिक क्षेत्रों को भी मिलेगी निर्बाध रूप से बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बिजली कंपनी ने जिले के ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई व्यवस्था और भी बेहतर बनाने के लिए दो नए पॉवर ट्रांसफार्मर लिटिया-सेमेरिया में स्थापित किए हैं। मंगलवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इससे पहले ट्रांसफार्मरों की टेस्टिंग की गई, जो सफल रही। 220/132 केवी के इस उपकेंद्र में 320 एमबीए ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी के दो पावर ट्रांसफार्मरों लगाए गए हैं। इससे दुर्ग के अलावा राजनांदगांव जिले के एक बड़े हिस्से में बिजली सप्लाई व्यवस्था बेहतर होगी। विशेष रूप से इंडस्ट्रियल एरिया को फायदा होगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी लो-वोल्टेज और पॉवर कट की समस्या से मुक्ति मिलेगी। सेमी कंडक्टर पार्क एवं नए औद्योगिक क्षेत्र को सीधे बिजली सप्लाई हो सकेगी। प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला 160-160 एमवीए क्षमता के दो 220/132 केवी पावर ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन किया। पहले ट्रांसफार्मर ने शाम 5:22 बजे तथा दूसरे ट्रांसफार्मर ने शाम 5:27 बजे काम करना शुरू किया। दोनों ट्रांसफार्मरों के शुरू होने से उपकेंद्र में 320 एमवीए की अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी उपलब्ध हो गई है।

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना से दुर्ग एवं राजनांदगांव क्षेत्र की पारेषण व्यवस्था को उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी। बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप विद्युत भार का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा तथा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पारेषण तंत्र भी अधिक सक्षम बनेगा।



### घरेलू और कृषि कार्य के लिए बिजली सप्लाई होगी बेहतर

अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का लाभ दुर्ग जिले से लेकर राजनांदगांव तक प्राप्त होगा। इससे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ घरेलू, कृषि एवं अन्य उपभोक्ताओं को भी अधिक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बिजली कंपनी के अधिकारियों में संजय पटेल, केएस मिनोठिया, वीके दीक्षित, संजय खंडेलवाल,शिरीष सेलट, अब्राहम वर्गीज, प्रसन्ना गोसावी, पीपी सिंह, आरके तिवारी एवं आरके मिश्रा, करुणेश यादव एवं सुनील भुआर्य सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने पॉवर ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में बिजली सप्लाई व्यवस्था तेजी से बदल रही है। आधुनिक और नए तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि सप्लाई व्यवस्था को और भी बेहतर किया जा सके।

### बिजली के आधुनिक नेटवर्क का तेजी से हो रहा विस्तार

प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि पर परियोजना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास एवं उपभोक्ताओं को विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पारेषण नेटवर्क का निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। लिटिया सेमरिया उपकेंद्र में उपलब्ध हुई अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी से न केवल वर्तमान विद्युत मांग को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भी पर्याप्त क्षमता उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि वोल्टेज स्तर पर इस नई व्यवस्था से राजनांदगांव जिले के पटेवा में प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर तथा राजनांदगांव जिले के बिजेभाट में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## गोंड़वाना समाज का चुनाव 19 को

दुर्ग। शहर गोड़वाना समाज परिक्षेत्र बघेरा दुर्ग की बैठक सामाजिक भवन बघेरा में हुई। जिसमें समाज के लोगों ने निर्णय लिया है कि 19 जुलाई को दुर्ग शहर गोड़वाना समाज के नए पदाधिकारियों का चुनाव कर आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ सदस्य गोरे लाल ठाकुर, तुलसी राम ठाकुर, बसंत ध्रुव, गजराज नेताम, राजेन्द्र मरकाम, सोनू छैदैय्या, दीप्ति ठाकुर आदि उपस्थित थे ।

## रितेश को पीएचडी

भिलाई। मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा रितेश कुमार दुबे को उनके शोध कार्य नोवल एप्रोच टू साल्व इंट्यूशनिस्टिक फज्जी ट्रांसपोर्टेशन प्राब्लम के लिए आधिकारिक रूप से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। रितेश कुमार दुबे ने अपना शोध कार्य प्रो. डॉ. एजे खान के मार्गदर्शन में पूरा किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा और अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा ने उन्हें बधाई दी है।



# 12 साल से पट्टा नवीनीकरण के लिए भटकन, कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस दौरान सड़क किनारे से अतिक्रमण हटायाा जा रहा है। इस बीच 1984 में 30 साल के लिए पट्टा जारी किए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पीड़ित कुंदरापारा पोटिया निवासी औरंगजेब बादशाह पिता हसन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मामले की शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में कहा कि उनके नाना स्व. कादर खान पिता महबूब खान के नाम से वर्ष 1984 में 30 वर्षों के लिए पोटिया चौक में स्थित भूमि खसरा नं. 87/3 में पट्टा प्रदान किया गया था। वर्ष 2014 में पट्टा का नवीनीकरण कराया जाना था, परंतु मेरे नाना जी का देहांत हो जाने के कारण पट्टा नवीनीकरण नहीं हो पाया। 2020 में न्यायालय तहसीलदार दुर्ग को खसरा नं. 87/3 में औरंगजेब बादशाह के नाम पर पट्टा दुरुस्त कराने हेतु आवेदन किया गया। तहसीलदार ने वर्ष 2023 में प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया। वर्ष 2024 में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग को पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया। आज दिनांक तक पट्टा में नाम दुरुस्त नही किया गया। न ही पट्टा का नवीनीकरण नही किया गया। वर्तमान में चौड़ीकरण में उनकी जगह प्रभावित हो रही है। अतः उन्हें पट्टा नवीनीकरण कर विस्थापन दिया जाए।

■ पोटिया चौक के पास 1984 में हुआ था आवंटन, अब विस्थापन की मांग




## आधुनिक चिकित्सा का नवाचार और नई उम्मीद

विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस प्रत्येक वर्ष प्लास्टिक सर्जरी के महत्व, इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दुर्घटनाओं, जन्मजात विकृतियों, जलने की घटनाओं और गंभीर चोटों से प्रभावित लोगों को सामान्य जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करती है।



प्लास्टिक सर्जरी चिकित्सा विज्ञान की एक विशेष शाखा है, जिसका उद्देश्य शरीर के किसी अंग की संरचना, कार्यक्षमता और स्वरूप में सुधार करना होता है। इसे मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित किया जाता है–

**रिकंस्ट्रक्टिव (पुनर्निर्माण) सर्जरी** – दुर्घटना, कैंसर, जलने या जन्मजात विकृतियों से प्रभावित अंगों का पुनर्निर्माण।

**कॉस्मेटिक (सौंदर्य) सर्जरी** – व्यक्ति की शारीरिक बनावट और सौंदर्य को बेहतर बनाने के लिए की जाने वाली सर्जरी।

**प्लास्टिक सर्जरी का महत्व**

* दुर्घटनाओं में घायल मरीजों के चेहरे और अंगों का पुनर्निर्माण।
* जन्मजात विकृतियों जैसे कटे होंठ और तालू (क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट) का सफल उपचार।
* जलने से प्रभावित मरीजों की त्वचा और शरीर के अंगों का पुनर्स्थापन।
* कैंसर सर्जरी के बाद प्रभावित अंगों का पुनर्निर्माण।
* आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार।

**आधुनिक तकनीक का योगदान**


आज प्लास्टिक सर्जरी में माइक्रोसर्जरी, 3-डी प्लानिंग, लेज़र तकनीक और उन्नत स्किन ग्राफ्टिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन तकनीकों ने उपचार को अधिक सुरक्षित, प्रभावी और बेहतर परिणाम देने वाला बनाया है।

**जागरूकता की आवश्यकता**

समाज में आज भी प्लास्टिक सर्जरी को केवल सौंदर्य से जोड़कर देखा जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि इसका सबसे बड़ा योगदान पुनर्निर्माण और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में है। लोगों को यह समझना आवश्यक है कि किसी भी प्रकार की प्लास्टिक या कॉस्मेटिक सर्जरी केवल योग्य एवं प्रशिक्षित विशेषज्ञ की सलाह पर ही करानी चाहिए।

डॉ. श्रीमती शैल वर्मा
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
(M.S.) Psychotherapy & Counselling
मनोरोग विशेषज्ञ
* पूर्व मनोचिकित्सक, सेक्टर-9, अस्पताल, भिलाई
* पूर्व मनोचिकित्सक, इस्पात जनरल, हॉस्पिटल, राउलकेला





परामर्श समय
सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक
शाम 4.30 बजे से 7.00 बजे तक
(सोमवार से शुक्रवार)
स्टेशन चौक, गुरुद्वारा रोड, उत्सव पैलेस के सामने, दुर्ग, मो.- 7089250810

डॉ. रोहित बाग
(पिता स्व. डॉ. के.सी. बाग)
MBBS, General Physician Ex. GDMO SECR Rly.
(Redg. No.: CGMC-8529/2018)
समय : प्रतिदिन सोमवार से शनिवार, प्रातः 9.30 से दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 6.30 से 9 बजे तक, रविवार - प्रातः 9.30 से दोप. 2 बजे तक
शास. अस्पताल के सामने, नगर निगम रोड, भिलाई - 3, जिला - दुर्ग (छ.ग.) मोबा.: 6260036227
Diabetes., Hypertension, Anxiety, Depression, Fever, Cold, Cough, Bronchitis, Join Pain-Osteoartritis, Pneumonia, Vit B12 Deficiency, Vit D Deficiency, Sickling, Anemia, PCOS, Sciatica, Fibroid uterus , Male infertility, Dehydration , Weakness, Backpain, Neuropathic pain, Child mental development, Child Malnutrition, Herpes zoster/ dermatitis, Memory loss/ Dementia, Eye infection/thoart infection, Piles/hemorrhoids/rheumatoid arthritis
शिबानी आरोग्य निकेतन
एलोपैथी एवं आयुर्वेदिक दवाईयों के विक्रेता

Akruti Clinic
REFINE | REPAIR | REJUVENATE
WORLD PLASTIC SURGERY DAY
— 15th or 16th JULY —
“ खूबसूरती कोई विलासिता नहीं, आत्मविश्वास और बेहतर जीवन की शुरुआत है ! ”
15th or 16th JULY
सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक
WORLD PLASTIC SURGERY DAY के उपलक्ष्य में
FREE OPD
PLASTIC SURGERY
डॉ. दीपक कोठारी द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क Plastic Surgery OPD
हमारी निशुल्क परामर्श सेवाएं
Varicose Veins (रक्त वाहिकाओं में सुजन की समस्या) को ठीक करने हेतु परामर्श
Diabetic Foot (मधुमेह से जुड़ी पैरों की समस्याएं) हेतु परामर्श
Burn Surgery (जलने के घाव) हेतु परामर्श
चेहरे के चोट के निशान हटाने हेतु परामर्श (एक्ने, चोट या दुर्घटना के बाद के निशान)
Hair Transplant (बाल प्रत्यारोपण) हेतु परामर्श
Rhinoplasty (नाक के आकार सुधार) हेतु परामर्श
Scar Revision (दाग-धब्बों का सुधार) हेतु परामर्श
Keloid & Ear Lobe Repair (केलॉइड एवं ईयर लोब रिपेयर) हेतु परामर्श
Gynecomastia (पुरुषों में बढ़ा हुआ सीना) हेतु परामर्श
Liposuction (जिद्दी चर्बी से छुटकारा) हेतु परामर्श
Laser & Chemical Peeling (चमकती और स्वस्थ त्वचा के लिए) हेतु परामर्श
Vitiligo / Safed Daag (सफेद दाग) हेतु परामर्श
Reconstruction (कान, चेहरे या शरीर के अंगों का पुनर्निर्माण) हेतु परामर्श
अन्य सभी प्रकार की Cosmetic & Plastic Surgery समस्याओं हेतु परामर्श
PLASTIC SURGERY SERVICES में 50% OFF*
सिर्फ दो दिन के लिए
*शर्त लागू



अनुभवी प्लास्टिक सर्जन द्वारा निःशुल्क परामर्श
समाजहित में हमारी एक पहल
सुरक्षित, भरोसेमंद और आधुनिक चिकित्सा देखभाल
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9109090501 | 9183590501
Near BJP Office Shanichari Bazaar Durg and Kamthee Line Rajnandgaon Chhattisgarh
“ सही देखभाल, सह इलाज, सुंदर और आत्मविश्वास से भरे जीवन की ओर पहला कदम ! ”

## खबर संक्षेप

### ओटेबंद में गुरुपूर्णिमा महोत्सव 29 को

**अण्डा।** बालोद जिले के ग्राम ओटेबंद स्थित प्रसिद्ध श्री विष्णु धाम मंदिर में 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष



की तरह इस वर्ष भी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न होगा, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज़ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। गुरुपूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन पर्व है। इसी अवसर पर श्री विष्णु धाम मंदिर में सुबह 8 बजे से गुरुपूजन एवं मंत्रदीक्षा संस्कार का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु अपने गुरु का पूजन कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

### सदस्य के निधन पर परिवार से मिला पेंशनर संघ



**अंडा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज गुण्डरदेही के सदस्यों ने ग्राम अछोटी पहुंचकर ईश्वरी प्रसाद दिल्लीवार के निधन पश्चात उनके परिजनों से मुलाकात की। स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद दिल्लीवार की पत्नी दौलेश्वरी दिल्लीवार, पुत्र सुरेश दिल्लीवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। इस अवसर पर छग पेंशनर समाज गुण्डरदेही के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, अर्जुन सिंह मंडावी, अशोक कुमार दिल्लीवार, हरिवंश मिश्रा, अरुण साहू, जी एस अग्निहोत्री, गंगाराम सगरवंशी, आत्माराम धनकर, गजपति साहू, मेघनाथ साहू और बेनी राम सार्वा आदि उपस्थित रहे।

### बटरेल में लगाए चार हजार पौधे



**पाटन।** ग्राम बटरेल में वन विभाग के तत्वावधान में एक वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत ग्राम में कुल 4 हजार छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू रहीं। अध्यक्षता वन विभाग के सभापति प्रणव शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य अजय साहू, सरपंच ऐमन भेष आठे और भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष नारद साहू उपस्थित रहे। वन विभाग से रेंजर कुलदीप साहू, डिप्टी रेंजर डी. पी. वर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस पौधारोपण अभियान में शामिल हुए।

### विद्यार्थियों को कला प्रदर्शन के लिए मिला प्लेटफार्म

**जामगांव आर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल में शनिवार की शाला के अंतर्गत प्रार्थना सभा



के पश्चात विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एरोबिक व्यायाम किया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी गई। आओ रथ बनाए गतिविधि में विद्यार्थियों ने आकर्षक रथों का आर्ट निर्माण किया तथा रथयात्रा विषयक प्रश्नोत्तरी में चढ़ बढ़कर भाग लिया। वहीं बागवानी एवं हाउसकीपिंग गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं पौधों की देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## निधन

### फिरोजा चरण

**दुर्ग।** बोरसी भाठा निवासी फिरोजा



चरण (81 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जुलई को नेहरूनगर स्थित मसीही कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे वीके चरण की पत्नी, विनीता, मनीष और नितिन चरण की मां थीं। घर की प्रार्थना 15 जुलाई की सुबह 11 शुरू होगी।

---

### स्टाफ की कमी, क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती

# एक एएसआई के भरोसे अंडा थाना के 19 गांव, संभल नहीं रही सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा में पूर्व ग्रहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू के गढ़ रहे अंडा थाने की पूर्व में अलग पहचान रखने वाली अंडा पुलिस बीते कई महीनों से स्टॉप की कमी से जूझ रही है। गौर हो यह क्षेत्र अब भाजपा विधायक के होने के बावजूद व्यवस्था नहीं बनी है। सिर्फ एक एएसआई के कंधों पर जिम्मेदारी सहित स्टॉफ की कमी के कारण कई बार पुलिस की सांसे फूल जाती हैं। दुर्ग जिला व्हीआईपी जिले होने के कारण आए दिन दुर्ग सहित अन्य गतिविधियों में पुलिस को ड्यूटी करनी पड़ती है।

गौरतलब है कि अंडा थाना समीपस्थ जिला बालोद सहित राजनांदगांव की सीमा में लगे व चार बीट पॉइंट पर गश्त सहित लगभग 20 किमी के दायरे में पुलिस को रोज दो चार होना पड़ता है।पूरे थाने में सिर्फ एक एएसआई के कंधों पर सुरक्षा की जवाब दारी है। सवालिया निशान उठता है कि कैसे संभलेगी सुरक्षा की जिम्मेदारी? क्योंकि आए दिन छिटपुट घटनाएं सहित पूर्व में कई बड़ी घटना हो चुकी है। वही आए दिन अंचल में बड़े बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक सहित कई आयोजन को संभालना पुलिस की जिम्मेदारी है।

**पुलिस बल की कमी का फायदा उठा रहे असामाजिक तत्व, जनता हुई हलाकान**




#### जनता की सुरक्षा बहुत जरूरी : आशा विक्की मिश्रा

क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि पुलिस प्रशासन अंडा थाना में स्टॉफ की कमी को जल्दी पूरा करे, क्योंकि जनता की सुरक्षा व क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखना बहुत जरूरी है।

#### स्टॉफ की कमी, अपराधियों के हौसले बुलंद

इस थाने में एक पद निरीक्षक है, जिसमें कोई नहीं है, वही एस आई चार में दो सहित ए एस आई चार में सिर्फ एक के कंधों पर प्रभारी की जिम्मेदारी है। प्रधान आरक्षक आठ में सिर्फ तीन सहित 29 आरक्षक में सिर्फ दो महिला सहित 14 सिपाही में भी कुछ अन्यत्र जगह कार्य कर रहे हैं। स्टॉफ की कमी के कारण क्षेत्र की जनता की सुरक्षा व्यवस्था में भी कई सवालिया निशान उठ रहे है। वहीं पुलिस की कमी का फायदा अपराधियों को मिल रहा है, क्षेत्र के गांव गांव में शराब तस्करों सहित अवैध खेल करने वाले के हौसले बुलंद हैं। अंडा थाना में अंडा, निकुम, विनायकपुर सहित कई बड़े गांव है, फिर भी पुलिस अपने स्तर पर गश्त कर रही है। आलबरस व निकुम शराब कोचिया का गढ़ बन गया है। अलसुबह होते ही शराब भट्ठी खुलने से पहले खुल जाती है।होम सर्विस व बाई हैंड सर्विस से सुबह से लेकर शराब बेचते है। ग्राम पंचायत जो प्रदेश के सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख ने बताया कि शराब कोचिया से परेशान होकर थाने में सामूहिक रूप से शिकायत किए हैं।फिर भी अवैध शराब बिक रही है। वही निकुम में भी सुबह से देर रात अवैध शराब खुले आम बिक रही हैं।

---

# खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी, अब जल्द शुरू होगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स




जिस से सामान चोरी, अब असामाजिक तत्वों का लगा रहता है डेरा
करोड़ों का खेल परिसर बना भूत बंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**खबर का असर**

नगर के खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से बंद पड़े स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को जल्द शुरू करने की दिशा में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। क्षेत्र के युवाओं द्वारा लगातार खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई जा रही थी, जिसे लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित खबर किए जाने के बाद अब इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, इंजीनियर प्रवीण कुमार साहू तथा अभाष दुबे ने संयुक्त रूप से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने परिसर का भ्रमण कर मैदानों, भवनों तथा उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खेल परिसर को जल्द से जल्द सुचारू रूप से प्रारंभ करने पर सहमति बनी। मौके पर ही आवश्यक तकनीकी और व्यवस्थागत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि खिलाड़ियों को जल्द बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

नगर के युवाओं और खेल प्रेमियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शुरू होने से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच मिलेगा।



## मां महामाया मंदिर परिसर में 250 से भी अधिक पौधें लगाए

**कुम्हारी।** कुम्हारी स्थित मां महामाया मंदिर प्रांगण एवं दशहरा मैदान में मां महामाया मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा वन विभाग धमधा परिक्षेत्र के कुम्हारी सर्किल एवं नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सहयोग से वृहद पौधारोपण का आयोजन किया गया। अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा थी। मंदिर अध्यक्ष नारायण वर्मा ने बताया कि ट्रस्ट कमेटी लगातार मंदिर के विकास माता की प्रसिद्धि एवं क्षेत्र में बेहतर वातावरण व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन रामाधार शर्मा एवं आभार महेंद्र अग्रवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, कुम्हारी सर्किल बीटगार्ड अब्दुल कासिम, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष धमेंद्र सिन्हा, पार्षद उमेश्वरी साहू, उमाकांत साहू, लता साहू, एल्डरमैन गोल्डी गोस्वामी, अवधेश शुक्ला, नारायण सोनकर और मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में पालिका की स्वच्छता दीदियों के अलावा नगरवासी उपस्थित रहे।

---

# दक्षिण पाटन में बिजली कटौती से आम जनता परेशान, जिम्मेदार लोग नहीं ले रहे कोई सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दक्षिण पाटन क्षेत्र के ग्रामों में बिजली कटौती से आम जनता, किसान, विद्यार्थी, व्यापारी सभी त्रस्त एवं परेशान हैं। पूर्व जिप उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने ट्रिपल इंजन सरकार को कोसते हुए बतलाया कि यह सरकार किसान, मजदूर, आदिवासी, महिलाएं, युवा, विद्यार्थियों की विरोधी है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को 24 घंटे बिजली मिल रही थी।लेकिन आज सरप्लस बिजली उत्पादित करने वाला राज्य छत्तीसगढ़ बेबस बन रहा है।



जनपद सदस्य अजय साहू ने कहा कि बटरेल, बेल्हारी एवं जमगांव आर क्षेत्र में हो रही कटौती से किसान एवं आम जनता को त्रस्त करने का काम विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो अनुचित है।

जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने बिजली की दरों में भारी वृद्धि और बिजली को हाफ देने काम भाजपा सरकार की नीति और रीति में समाहित है। रानीतराई फीडर से सप्लाई होने वाले ग्राम असोगा, रानीतराई, केसरा, बोरेदा, कौही, चूलगहन,निपानी सहित सभी ग्रामों में लगातार बिजली कटौती एक खिलौना बन चुकी है।

जनपद सदस्य दिनेश साहू ने खम्हरिया फीडर से डंग़निया, पाटन भंसूली, तेलीगुंडरा, जरवाय में बिजली कटौती के लिए विभाग को भगवान से ऊपर देखा जाने लगा है। यहां कभी भी दिन लगे ना रात किसी भी समय बिजली कटौती बदस्तूर जारी है। किसान, विद्यार्थी और आम जनता हतोत्साहित हो चुके हैं।

### नवमी की छात्राओं को किया सरस्वती साइकिल वितरण

**जामगांव आर।** शासन के योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में नवमी की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना तहत साइकिल वितरण किया गया। जिसमें



कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, संस्था प्रमुख डॉ भारती, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरूण चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि द्रोण चंद्राकर, दिनेश नगरिया, पुरुषोत्तम चंद्राकर, कौशल्या साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भरर, जमुना सोनवानी और पिंगला ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की




रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

---

## अंचल की खबरें

### मां शीतला मंदिर का मनाया जुड़वास महोत्सव



**दुर्ग।** सिलोदा में परंपरानुसार इस वर्ष भी मां शीतला मंदिर में माता जुड़वास का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम के बैगा एवं सम्माननीय नागरिकों द्वारा मां शीतला की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की गई। पूजा के उपरांत भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति भाव में लीन रहे। कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रामायण सिंह पंवार, बैगा बृजलाल निषाद, बिसरु यादव, नारद सिंह पंवार, लक्ष्मण यादव, कैलाश यादव, रघुनंदन पंवार, बलराम पंवार, मनोज पंवार, महेंद्र निषाद, कौशल ठाकुर, विनोद निषाद सहित ग्राम के समस्त सम्माननीय जन उपस्थित रहे। समिति के सचिव बुध राम रावत ने आयोजन की जानकारी देते हुए समस्त ग्रामवासियों को मंगल कामना एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**ओखरा मुरमुन्दा।** ग्राम डूमर के हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह में अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने संडी से डूमर तक 16.84 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क निर्माण क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर,जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे,भिलाई जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, जनपद सदस्य रंजना मनहर ,सरपंच डूमर नरोत्तम ठाकुर, भाजपा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता साथी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### स्माइल योगा अकादमी का रक्तदान शिविर

**भिलाई।** स्माइल योगा अकादमी, स्मृति नगर, भिलाई द्वारा एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह



शिविर सना ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 35 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। एकत्रित रक्त को जरूरतमंद मरीजों के उपचार हेतु सना ब्लड सेंटर में सुरक्षित रखा जाएगा। इस अवसर पर स्माइल योगा अकादमी के संस्थापक पंकज यादव ने स्वयं भी रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा दिया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।"यह स्माइल योगा अकादमी द्वारा आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर था, जिसे सदस्यों एवं रक्तदाताओं के उत्साहपूर्ण सहयोग से अत्यंत सफल बनाया गया।स्माइल योगा अकादमी परिवार सभी रक्तवीरों, सहयोगकर्ताओं एवं आयोजन को सफल बनाने वाले प्रत्येक सदस्य के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है। संस्था का संकल्प है कि भविष्य में भी स्वास्थ्य, मानव सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता की भावना को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

CSPTCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) कार्या. कार्यपालन यंत्री अ.उ.दा. (निर्माण) संभाग बिजली नगर भिलाई-3, जिला- दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड - 490021 वेबसाईट:- www.cspc.co.in, ईमेल:- EEEHTConst.Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन नं.:- 0788.2281954 CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
क्र. काव्यं./अ.उ.दा./ निर्माण / 534 — भिलाई, दिनांक 14/07/2026

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जे.डी. स्टील इंडस्ट्रीज प्रा.लिमि. रसमड़ा, जिला-दुर्ग को 4000 के.व्ही.ए. विद्युत की आपूर्ति हेतु 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र रसमड़ा से उक्त संस्थान के स्वीचयार्ड तक 132 के.व्ही. डी.सी.एस.एस. लाईन का निर्माण कार्य मेसर्स जे.डी. स्टील इंडस्ट्रीज प्रा.लिमि. रसमड़ा, जिला-दुर्ग द्वारा छ.स्टे.पा.ट्रां.कं.लिमि. (CSPTCL) के सुपरविजन में किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 1.625 किलोमीटर है। यह विद्युत लाईन जिला-दुर्ग, तहसील-दुर्ग के अंतर्गत ग्राम-रसमड़ा एवं जिला राजनांदगांव, तहसील राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम-जोरातराई, मनघटा से होकर गुजर रही है। उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 15.07.2026 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है। अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है। विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
छ.स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए"

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 19 से 23 तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के तत्वावधान में वैशालीनगर विधानसभा वार्ड-15 गायत्री मंदिर प्रांगण, लोक भारती स्कूल के सामने 19 जुलाई से 23 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर लोकेश पांडेय, पूर्व जिला महामंत्री, भाजयुमो के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### मकान को किया कब्जा, वृद्ध दंपत्ति भटकने को मजबूर

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति के मकान को कब्जा कर उनके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत एसपी से की है। घासीदास नगर तालाब के पास रहने वाले दंपत्ति तपिलाल प्रसाद चौधरी और नागस्वरी देवी ने आरोप लगाया है कि उनके मकान पर सौरभ और उसके परिजनों ने कब्जा कर लिया। इसके कारण दंपत्ति को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो गए है। तपिलाल प्रसाद चौधरी का आरोप है कि दमाद अवध बिहारी ने 4.68 लाख रुपए का गबन कर दंपत्ति को अपने पास रख धोखा किया। सौरभ ने इन दोनों दंपत्ति को घर से निकालकर उन्हें बेघर किया है। दोनों दंपत्ति ने एसपी, नगर निगम समेत विभिन्न विभाग ने अपनी शिकायते की है। बावजूद मकान दंपत्ति के कब्जे में नहीं आया है। तपिलाल ने बताया कि उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है। इसकी शिकायत कलेक्टर तक को की गई है।

### उमस ने किया बेचैन, आज बारिश के बन रहे आसार



**दुर्ग।** जुलाई की शुरुआत में हुई बारिश के बाद बारिश थमी हुई है। पिछले 10 दिनों में पानी की बूंद नहीं गिरी। इसके असर से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 4.2 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहा, जो समान्य से 2.1 डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग की मानें तो छत्तीसगढ़ में मानसून का सबसे सक्रिय दौर शुरू होने को है। 1 जून से अब तक प्रदेश में सामान्य से 26% कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। 15 और 16 जुलाई से बारिश की एक्टिविटी फिर बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया है। मानसून ट्रफ श्रीगंगानगर से मणिपुर तक बनी हुई है। साथ ही बंगाल की खाड़ी और बांग्लादेश के ऊपर एक साइक्लोन सर्कुलेशन भी एक्टिव है। दोनों सिस्टम के असर से छत्तीसगढ़ में 15-16 जुलाई से फिर भारी बारिश के आसार हैं। दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों में भी दो दिन अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। प्रदेश में मंगलवार को सबसे अधिक 35.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रायपुर और बिलासपुर में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

### स्रोत समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण



**सेलूद।** पाटन विकासखंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीआरसीसी पाटन गुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरी, पूर्व माध्यमिक शाला दरबार मोखली, प्राथमिक शाला सेमरी और पूर्व माध्यमिक शाला बोरिद का औचक निरीक्षण किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरी में प्रार्थना के समय वर्मा बच्चों से रूबरू हुए। पूर्व माध्यमिक शाला दरबार मोखली में बच्चों की गुणवत्ता सुधारने के तहत 25 तक का पहाड़ा और धाराप्रवाह अंग्रेजी पठन की जांच की गई तथा विषय शिक्षकों को बच्चों की गुणवत्ता स्तर सुधारने पर कार्य करने के लिए कहा गया है।

## गनियारी की श्रद्धांजलि सभा में सीएम साय ने की पंडवानी गायिका के नाम की अलंकरण की घोषणा

# छत्तीसगढ़ की शान थीं पद्म विभूषण तीजन बाई

**भावभीना स्मरण करने उमड़ा सैलाब, राज्योत्सव में डॉ. तीजन बाई के नाम से लोक कला अलंकरण**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश दुनिया में छत्तीसगढ़ की लोक-कला को गौरवान्वित करने वाली सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मविभूषण स्व. डॉ. तीजन बाई के दशगात्र और श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री व जन प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों ने उनका भावभीना स्मरण करते हुए उनके देहांत को अपूर्णीय क्षति बताया। पैतृक गृह ग्राम गनियारी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री साय ने तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति में राज्य अलंकरण रखे जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. तीजन बाई केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश की शान थीं और आज हम सभी ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि देने एकत्र हुए हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता और राज्य सरकार की ओर से उनके निधन को कला जगत की अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि तीजन बाई के अस्वस्थ होने पर सरकार ने पूरी सजगता से उनके बेहतर उपचार के प्रबंध किए थे, यहां तक कि राज्योत्सव के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद ने परिजनों से दूरभाष पर चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना था और आज उनके अवसान पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। कला जगत में उनके इस अद्वितीय योगदान को अक्षुण्ण रखने के लिए मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण सम्मान देने की घोषणा की। इसके साथ ही गृह ग्राम गनियारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम डॉ. तीजन बाई के नाम पर और कला की जीवंत पहचान रहे उनके तंबूरे को रायपुर संग्रहालय में सम्मान व स्मृति स्वरूप सुरक्षित रखे जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर डॉ. तीजन बाई के पुत्र दिलहरण पारधी और अन्य परिजनों से चर्चा कर पारिवारिक हाल-चाल की जानकारी ली।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि तीजन बाई महान कलाकार थीं, जिन्होंने अपनी पंडवानी कला से विश्व में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। यदि तीजन का पुर्नजन्म हो तो इसी धरती पर हो। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि तीजन बाई की स्मृति में सम्मान की घोषणा करें। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि देश विदेश में अपनी पंडवानी कला से छग की पंडवानी को पहचान दिलाने वालीं तीजन पद्म सम्मान सहित कई विवि ने डाक्टरों की उपाधि दी। विधायक और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि तीजन बाई छत्तीसगढ़ की लोक कला का ऐसा सुगंधित पुष्प थीं, जिसने पूरी दुनिया में अपनी खुशबू बिखेरी। ऐसे छग के गौरव से कलाकार प्रेरणा लेंगे। सभा में सभी ने सभा स्थल पर दो मिनट का मौन रख कर तीजन को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजली सभा में पद्मश्री आरएस बारले, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, नगर निगम भिलाई चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे, छग फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और कला संस्कृति से जुड़ी हस्तियों सहित बड़ी संख्या में अंचल के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन मोहित साहू ने किया।

### तीजन को प्रदेश व देश के कलाकारों ने दी सांगितिक श्रद्धांजलि, पूर्व सीएम बघेल भी शामिल

अपनी दीर्घ कला साधना से अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर छत्तीसगढ़ और देश की यश पताका फहराने वालीं पंडवानी गायिका तीजन बाई को छत्तीसगढ़ के कला बिरादरी ने सांगीतिक भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपनी प्रेरक लोकगायिका के योगदान को याद करने प्रदेश के साथ देश के विभिन्न स्थानों से कलाकारों सहित रंगजगत,समाज, संस्कृति आदि हर तबके के लोग पहुंचे थे। जब लोक कलाकारों ने तीजन की तर्ज पर पंडवानी आदि की कारुणिक प्रस्तुति दी तो उन्हें याद कर सभी की आंखें नम हो गईं। वहीं तीजन बाई की अस्थियां विसर्जित कर लौटे परिजनों व कलाकारों को भी ढोल मंजीरों के साथ रामधुनी गाते हुए घर लाने के दौरान पारधी समाज, परिवार, रिश्तेदारों व सैकड़ों ग्रामीण गमगीन हो गए। शासकीय उमा शाला मैदान में गरिमामय शोकाकुल माहौल में हुए कार्यक्रम में तीजन बाई के सहकलाकारों सहित प्रसिद्ध लोककलाकारों ने पंडवानी सहित भावभीनी लोकरंगी प्रस्तुति देकर पंडवानी गायिका तीजन बाई की स्मृतियों को तरोताजा रखने का पैगाम दिया। 40 सदस्यी टीम वाली सिरजन लोककला मंच गरियाबंद की पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने उनकी कलायात्रा पर पंडवानी प्रस्तुति दी। कोलकाता से पहुंचीं तीजन की शिष्य प्रसिद्ध रंगकर्मी व पंडवानी गायिका सीमा घोष ने तीजन अम्मा द्वारा पंडवानी गायन सिखाने और बेटी द्वारा आज उनकी नेमत अभिमन्यू वध चक्रव्यूह भेदन प्रसंग की ओजस्वी प्रस्तुति दी तो सभी भावविभोर हो गए। वाद्ययंत्रों पर संगत तीजन बाई के सहकलाकार केवल देशमुख, नरोत्तम नेताम, रामचंद्र देशमुख , चैतराम साहू, डालेश्वर निर्मलकर व मनहरण सार्वा ने की। राजनांदगांव की लोकगायिका पूनम विराट ने तीजन को महान कलाकार बताते हुए वेदना से चोला माटी के है राम... गाकर याद किया। प्रसिद्ध लोकगायिका कविता वासनिक ने डार ले टूट के पाना ...गीत गाकर स्मरण किया । लोकगायक घनश्याम ठाकुर ने तीजन पर केंद्रित दोहे पढ़े। पंडवानी गायिका 12 वर्षीय आराध्या साहू धमतरी व आरु साहू ने पंडवानी गायन किया। कई लोककारों ने लोकरंगी प्रस्तुति भावमय श्रद्धांजलि दी। कलाकारों ने बताया कि बहुत लोग अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देना चाहते थे लेकिन समयाभाव आदि अपरिहार्य कारणों से बीस से अधिक कलामंडिलयों को यह सौभाग्य नहीं मिला। दोपहर बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी सांगितिक श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्वर्गीय तीजन की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और तीजन बाई को छत्तीसगढ़ का गौरव बताया।







### अस्थि विसर्जित कर लौटे पुत्र और सहकलाकारों को देख नम हुई आंखें

पूर्व में स्व. तीजन बाई के निवास परिसर में शोकाकुल वातावरण उस समय घनीभूत हो गया जब प्रयागराज संगम में उनकी अस्थियां ल लौटे उनके पुत्र दिलहरण सहित परिजन झकेश्वर, राजू, मंतराम वर्मा सौरभ सहित सहकलाकार मनहरण, रंगकर्मी धन्नूलाल सिन्हा को स्व.तीजन के पंडवानी सहकलाकारों व पारधी समाज व परिजनों ने रामधुनी गाते हुए परखा कर भवन से घर लाया। सभी की आंखें नम हो गईं। बहन रंभा, बहू सरस्वती, रेणू, अन्नू,नरेंद्र, चंद्रलेखा, भुनू,पुष्पा मेनका,दीया निशा,रानी व जीवन आदि ने दिवंगत मुखिया की तस्वीर व गंगाजल के पूजापाठ व पूर्व में दशगात्र की रस्मे निभाईं तो पूरा गांव व सैकड़ों लोग भावविभोर हो गए। निवास परिसर में में भी तीजन के तैलचित्र व कला यात्रा के पोस्टर व स्लोगन बैनर श्रद्धा के केंद्र बने हुए थे। लोग इनके सामने तस्वीरें खिंचा रहे थे।

### प्रसिद्ध कलाकारों ने की स्मृति को संजोने की जाहिर की इच्छा

अनेक लोककारों की सांगितिक प्रस्तुति बाद तीजन बाई से जड़े अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकारों व रंगकर्मियों ने प्रेरण संस्मरण सुनाते हुए सरकार व सक्षम संस्थानों से छग की इस महान कलाकार की स्मृति में लोक संस्थान स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। प्रसिद्ध लोकगायिका व खैरागढ़ संगीत विवि की कुलपति ममता चंद्राकर ने कहा कि तीजन बाई अपनी साधना व तपस्या से पंडवानी के शिखर पर पहुंचीं। जब उन्होंने अपना नाम लिखना सीखा व व दस्तखत से पहली बार पारिश्रमिक चेक मिला तो विदेश से अधूरी रिकार्डिंग पूरा कर खुशी का ठिकाना नहीं था। भरथरी गायिका बिलासपुर रेखा निषाद ने वेदनामयी भर्तहरी गाकर तीजन को महान व प्रेरक लोक साधिका बताया। पद्मश्री ऊषा बारले ने कहा कि तीजन बाई से पंडवानी के साथ जीवन में संघर्ष करना सीखा। प्रसिद्ध छग फिल्म निर्देशक प्रेम चंद्राकर ने कहा कि गरीबी व अशिक्षा व छोटे से गांव से दुनिया नापने वाली तीजन छग की गौरव व प्रेरक हैं। सास गारी देथे फैन लोकगायिका रमा जोशी ने तीजन बाई से हम कला संघर्ष ही नहीं सरल व्यक्तित्व की भी प्रेरणा लेते रहेंगे। पद्मविभूषण तीजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पंडवानी गायक चेतन देवांगन, पंडवानी गायिका मीना साहू, पूर्णिमा साहू , उवशी साहू, लोकगायिका रजनी रजनी रजक व प्रसिद्ध रंगकर्मी व तीजन के सहकलाकार रहे धन्नूलाल सिन्हा भोपाल व पद्मश्री डां. आरएस बारले आदि कलाकारों ने छग में तीजन बाई की स्मृति में सरकार से छग में बड़ी लोक कला सौगात स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन भिलाई तीन चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे ने किया।

## जामुल पालिका क्षेत्र होगा हाईटेक सीसी कैमरों से लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र के वार्डो को हाईटेक करने की तैयारी शुरु हो गई है। पहले जामुल पालिका कार्यालय को बेहतर करने सीसी कैमरा लगाया जाना है। उसके बाद 20 वार्डो के चप्पे -चप्पे पर सीसी कैमरा लगाया जाना है। इसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर वार्डो में भ्रमण कर कहां-कहा सीसी कैमरा लगाया जाना है इसे लेकर जानकारी जुटाई है। क्षेत्र में लगने वाला सीसी कैमरा जन सहयोग और जनप्रतिनिधियों के फंड से होगा। बीते जामुल पालिका क्षेत्र में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने सुरक्षा और हाईटेक करने की ठानी है। इसके लिए वार्डो में रोज घूमकर व्यवस्था का जायजा भी नपा अध्यक्ष द्वारा लिया जा रहा है। करीब माह भर के भीतर ही पालिका क्षेत्र में सीसी कैमरा लगाया जाना है। इसके लिए वार्डो के हर चौक-चौराहों पर लगाए जाने की योजना बनाई जा रही है। सीसी कैमरा के लगने से सरकारी संपत्ति को नुकसान के अलावा चोरी, अपराध कर फरार होने वाले भी आम लोगों के नजर में होगें। चौक-चौराहों पर लगने वाले सीसी कैमरों के लिए सर्वे का काम आने वाले सप्ताह से हो सकता है। जिसकी सारी तैयारी भी पूरी हो चुकी है। सीसी कैमरा के लगने से सुरक्षा के साथ साथ क्षेत्र पूरी तरह अब हाईटेक की श्रेणी में आ जाएगा।

### हाईटेक करने की तैयारी



“ क्षेत्र में विकास के अलवा पूरी तरह से हाईटिक करना भी हमारी जिम्मेदारी है। वार्डो के चौक-चौराहों पर सीसी कैमरा लगाए जाने की योजना है।जिसके लिए जल्द सर्वे भी किया जाएगा। इसके लगने से सरकारी संपति की सुरक्षा के साथ ही साथ आम लोगों के नजर में हर विकास कार्य पर रहेगा।

**ईश्वर सिंह ठाकुर,** अध्यक्ष नपा परिषद जामुल

# से. 9 अस्पताल निजीकरण के खिलाफ संयुक्त यूनियन ने किया जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण के विरोध में संयुक्त यूनियन ने दबाव बनाना तेज कर दिया है। संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनल तले मंगलवार क सेक्टर नौ अस्पताल के सामने जंगीप्रदर्शन किया गया। इस में कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, महिलाओं, युवाओं तथा बच्चों ने भाग लेकर चेताया कि कि सार्वजनिक अस्पताल को किसी भी कीमत पर निजी हाथों में नहीं सौंपने दिया जाएगा। प्रदर्शन में सभी ने एक स्वर में कहा प्रबंधन व सरकार कोशिश करके देख ले, हम अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने नहीं देंगे। होने नहीं देंगे। इस्पात मंत्री को बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम सौंपे ज्ञापन में सेक्टर 9 का निजीकरण करने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई।

- निजी हाथों में सौंपने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

प्रदर्शन में यूनियन नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों की नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य अधिकार और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा की लड़ाई है। संयुक्त यूनियन यानी इंटक, एटक, एचएमएस सीटू, ऐक्टू, लोईमु एवं स्टील वर्कर्स यूनियन के संयुक्त ट्रेड यूनियन किसी भी स्थिति में कर्मियों व पूर्व कर्मियों व परिवार से स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं करने देगी। यूनियन ने कहा कि जिन श्रमिकों ने अपनी पूरी जवानी बीएसपी के उत्पादन, विस्तार और विकास में लगा दी, आज वही लोग सेवानिवृत्ति के बाद अस्पताल की सुविधा लेने के कारण बोझ बताए जा रहे हैं। यह सोच न केवल अमानवीय व श्रमिकों का अपमान है। अस्ताल को बेहतर बनाने के लिए बेहतर बनाने, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, आधुनिक उपकरणों का उपयोग और प्रबंधन सुधार की दिशा में क्या प्रयास किए गए? संयुक्त यूनियन ने मांग की कि प्रबंधन पारदर्शिता के साथ अपनी योजना सार्वजनिक करे और कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों तथा सभी हितधारकों से चर्चा करें।



### व्यवस्था सुधारने के बजाय खत्म क्यों?

यूनियन नेताओं ने कहा कि एक समय भिलाई इस्पात संयंत्र में 65 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे। तब भी यही अस्पताल, टाउनशिप और शिक्षा व्यवस्था सफलतापूर्वक संचालित होती थी। आज कर्मचारियों की संख्या कम होने और आधुनिक तकनीक उपलब्ध होने के बावजूद भिलाई से लेकर दिल्ली तक का प्रबंधन इन व्यवस्थाओं को मजबूत करने के बजाय समाप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह जनहित नहीं बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था को कमजोर करने की नीति है।

### संघर्ष जारी रहेगा, अस्पताल बचेगा

संयुक्त ट्रेड यूनियन ने घोषणा की कि सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण के किसी भी प्रयास का लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से लगातार विरोध किया जाएगा। यूनियन ने सभी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अस्पताल को निजी हाथों में जाने से बचाने के लिए जारी इस जनहित के आंदोलन में शामिल होते रहने का आह्वान किया। यूनियन ने दोहराया कि सार्वजनिक अस्पतालों की रक्षा करना पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है इसीलिए जनएकता और व्यापक जनसमर्थन के बल पर सेक्टर-9 अस्पताल को निजीकरण से बचाया जाएगा और इसे पहले से अधिक मजबूत बनाने की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। प्रदर्शन में संयुक्त यूनियन के लोगों के साथ कर्मचारी व पूर्व कर्मियों व विभिन्न संगठनों सहित कई लोग अपने परिवार के साथ पहुंचे थे।

## भगवान हनुमान को अर्जी देकर दोषियों को दंडित करने की मांग

# चंदा चोरी मामले में सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अयोध्या के श्री राम मंदिर में हुई दान की राशि की चोरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई ने मंगलवार को सेक्टर 9 स्थित मेन हॉस्पिटल स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। साथ ही मंदिर के पंडितों के माध्यम से भगवान हनुमान जी को अर्जी देकर चोरों को कर्मानुसार फल देने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में शाम 5 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में मंदिर परिसर पहुंचे। सभी ने मुंह पर काली पट्टी बांध रखी थी। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक बीडी कुरैशी, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर नीति लोधी, जितेंद्र साहू, बृजमोहन सिंह, अतुल साहू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया मौन प्रदर्शन



### हनुमानजी करेंगे न्याय

आधे घंटे मौन रखने के पश्चात पंडित घटोत्कच शुक्ला सहित अन्य ब्राह्मण भाइयों के माध्यम से मंदिर के भीतर पहुंच कर भगवान हनुमान को अर्जी सौंपी गई। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि राम मंदिर से दान और चढ़ावे की जिस तरह चोरी हुई है वह शर्मनाक है। केंद्र में बैठी सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं। ऐसे में न्याय की उम्मीद किससे करें। यही कारण है कि ब्राह्मण भाइयों की मदद से भगवान श्री हनुमान जी को अर्जी दी जा रही है ताकि वही न्याय करें और दोषियों को दंडित करें।

### छोटों को बना दिया दोषी

पूर्व गृहमंत्री ताम्रकार साहू ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है कोई सुनने को तैयार नहीं है। कोई न्याय की उम्मीद नहीं है। कार्रवाई के नाम पर छोटे लोगों को दोषी बना दिया गया है जबकि असली जिम्मेदार बच निकले हैं। दोषियों की पहचान हो और उन्हें कड़ी सी कड़ी सजा मिले इसलिए कांग्रेस ने आज यह प्रदर्शन किया है। अर्जी में सादर प्रणाम करते हुए लिखा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के चरणों में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु श्रद्धा आस्था के साथ लाखों रुपए का दान करते हैं। यह केवल धन नहीं बल्कि सनातनियों की भावनाओं का प्रसाद है। लेकिन कुछ लालची लोगों ने इस पवित्र दान की चोरी कर ली है और लोगों की श्रद्धा को ठेस पहुंचाई है। आपसे अनुरोध है कि ऐसे लोगों को सद्बुद्धि दें और कर्मों के अनुसार उन्हें दंड दें ताकि धर्म की रक्षा हो सके और लोगों की आस्था बनी रहे। कार्यक्रम में नरसिंह नाथ, जी राजू, दिनेश पटेल, सौरभ दत्ता, सौरभ मिश्रा, मोहम्मद रफीक, भूपेंद्र यादव, सुभद्रा सिंह आदि मौजूद थे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02



साहित्यिक संस्था आरंभ का आयोजन


लाइव इवेंट

## पिनेकल की नवगठित कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ



**भिलाई।** लायंस क्लब भिलाई पिनेकल की नई कार्यकारिणी का औपचारिक पदस्थापना समारोह सूर्या रेजीडेंसी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चार्टर अध्यक्ष विभा भूटानी, विशिष्ट अतिथि रश्मि लाखोटिया तथा रीजन चेयरपर्सन लायन अंजना विनायक की उपस्थिति रही। समारोह में ओथ कमिश्नर अंजना विनायक ने नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष शालिनी सोनी, सचिव शोभा जांभुलकर और कोषाध्यक्ष शुभ्रा नागपाल ने अपने-अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शालिनी सोनी ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए क्लब की सेवा गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण क्लब के नवीन ई-रोस्टर का औपचारिक लोकार्पण रहा, जिसे सचिव शोभा जांभुलकर द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला टावरी ने किया। शुभारंभ अंजना श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रगान से हुआ। अंत में कोषाध्यक्ष लायन शुभ्रा नागपाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।




लाइव इवेंट

## म्युल खाते से फ्रीज हो सकता है आपका खाता, व्यापारी बरतें सतर्कता



**भिलाई।** साइबर सिक्यॉरिटी और म्युल खाते से होने वाली परेशानियों को लेकर कैट दुर्ग इकाई और सराफा एसोसिएशन द्वारा आनंद मंगलम में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल रहे। शिविर में लगभग 450 व्यापारी और एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र दुग्गड़ ने किया। एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि साइबर क्राइम बिना मनी ट्रांजेक्शन के नहीं होता। ठगी के बाद जिस खाते में पैसा जाता है वह म्यूल खाता कहलाता है। उन्होंने कहा कि म्युल खाते से जिसके खाते में पैसा ट्रांसफर होता है वह भी पुलिस की निगरानी में आ जाता है और उसका खाता फ्रीज कर दिया जाता है। रकम छोटी हो या बड़ी। एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग जिले में 3150 प्राइमरी म्युल खाते हैं। यदि 2 से 12 फर्दर ट्रांजैक्शन को भी जोड़ें तो 25 हजार से ज्यादा खाते प्रभावित हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने व्यापारियों को सलाह दी कि यदि कोई अनजान व्यक्ति सामान खरीदने के बाद किसी और के खाते से पैसा भेजे तो उसका आधार और पैन कार्ड की कॉपी अवश्य रखें। इससे जांच में व्यापारी को राहत मिलेगी और फ्रीज खाता जल्दी खुल सकेगा। एसपी ने बताया कि फ्रीज खाते वाले मामले कर्नाटक, गोवा, हरियाणा, बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से पुलिस दुर्ग आ रही है। केवल एक बार म्युल खाते से पैसा आने पर व्यक्ति महीनों-सालों परेशान हो सकता है।

### साइबर अफसरों ने दिए सुरक्षा टिप्स

एसआई साइबर डॉ. संकल्प राय ने इमर्जिंग साइबर फ्रॉड, म्युल खाता की पहचान, डिजिटल ट्रांजैक्शन में सावधानी और क्राइम रिपोर्टिंग की जानकारी दी। पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा ने बैंक खाता सुरक्षित रखने के तरीके बताए। डीएसपी क्राइम ब्रांच यदुमणि सिधर ने इंटरैक्टिव सेशन में व्यापारियों के सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम के बाद इंद्रा मार्केट एसोसिएशन से बहादुर थारानी और आशीष निमजे ने इंद्रा मार्केट की पार्किंग समस्या उठाई। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी एमएसएमई मोहम्मद अली हिरानी, चेयरमेन पवन बडजात्या, अध्यक्ष प्रकाश सांखला, महामंत्री प्रकाश गोलछा, युवा अध्यक्ष रवि केवलतानी, महिला अध्यक्ष पायल जैन सहित कैट और सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जगन्नाथ मंदिरों में नेत्र उत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न, श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के नवयौवन रूप का किया दर्शन

# 14 दिन बाद स्वस्थ हुए महाप्रभु, मंदिर के खुले कपाट, नवयौवन रूप में भक्तों ने किए दर्शन, कल नगर भ्रमण करते हुए पहुंचेंगे मौसी के घर

**भिलाई।** श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 और सेक्टर-6 में मंगलवार को नेत्र उत्सव पूरे भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देव स्नान पूर्णिमा के बाद 14 दिन की बीमारी के पश्चात महाप्रभु के मंदिर के पट खुले और श्रद्धालुओं ने नवयौवन रूप के दर्शन किए। अब 16 जुलाई को महाप्रभु रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे और अपनी मौसी गुंडिचा के घर पहुंचेगे। जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में इस वर्ष भी महाप्रभु जगन्नाथ की 57वीं रथयात्रा महोत्सव मनाने जा रही है। जिसकी शुरुआत मंगलवार को रथ के चारों तरफ पारंपरिक झंडा लगा दिया गया, जो इस बात का सूचक है कि अब रथ यात्रा के लिए यह रथ पूरी तरह से तैयार हो चुका है और अब बस महाप्रभु के रथ में आरुढ़ होने का इंतजार किया जायेगा।

### परम्परागत पूजा और नवयौवन दर्शन

नेत्र उत्सव का आयोजन परम्परा अनुसार किया गया। देव स्नान पूर्णिमा के पश्चात लंबी बीमारी के बाद आज महाप्रभु जगन्नाथ के मंदिर के पट खोले गये। उत्कल समाज के प्रतिष्ठित परितोष पाणिग्रही द्वारा परम्परागत पूजा अर्चना और हवन-पूजन सम्पन्न किया गया। पुरोहित पितवास पाढ़ी ने संपूर्ण विधि विधान से महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी को रत्न सिंहासन पर आरुढ़ किया। पूजा अर्चना के पश्चात मंगलध्वनि व घंटावादन के साथ श्रद्धालुओं ने प्रभु का प्रथम दर्शन किया। नेत्र उत्सव के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के नवयौवन रूप का दर्शन किया। मंगलवार को रथ पर ध्वज भी स्थापित किया गया।

### रथयात्रा की तैयारी अंतिम चरण पर

रथयात्रा गुरुवार को दोपहर 1 बजे सेक्टर-4, सड़क-15 में स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सेंट्रल ऐवेन्यु होते हुये सेक्टर-10 में निर्मित भव्य गुंण्डिचा मंडप में पंहुचेगी। मुख्य यजमान के रुप में भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्र से छेरा पंहरा का धार्मिक अनुष्ठान संपंन्न कराया जायेगा। यह परम्परा पुरी के महाराज सम्पन्न करते है। सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे इस पवित्र व महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित होकर महाप्रभु जगन्नाथ का पुण्य दर्शन प्राप्त करें। रथयात्रा पंहडी विजय कार्यक्रम दोपहर 1 बजे प्रारंभ कर दिया जाएगा और 2.30 बजे मंदिर से रथ प्रस्थान होगा।





### 14 दिन बाद स्वस्थ हुए महाप्रभु के भक्तों ने किए दर्शन



जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में मंगलवार को नेत्र उत्सव में अपने भक्तों को नवयौवन रूप में दर्शन दिए।रथ यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार को जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में नेत्र उत्सव का आयोजन परंपरा अनुसार मनाया गया। महाप्रभु जगन्नाथ के मंदिर के पट खोले गए। पूजा, अर्चना, हवन-पूजन पंडित तुषार महापात्र ने किया। फिर मंगल ध्वनि वह घंटा वादन के साथ श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के प्रथम दर्शन किए। सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में दोपहर 2 बजे से रथ यात्रा सेंट्रल एवेन्यू से निकलकर ए मार्केट होते हुए सेक्टर 6 चौक गुंडिचा मंडप पहुंचेगी। इस बीच जगह-जगह पर स्वागत और प्रसाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती महासचिव अरुण पंडा एवं शरद विशाल, गजेन्द्र पंडा, रविन्द्र साहू, शशिभूषण महंती, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूइयां, संजीव भूइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांतशयामल, नीलमणीनायक रवि मुनी बलराम रथ एवं असंख्य भक्त उपस्थित थे।



## ज्ञानेश्वरी फिर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व, अब ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में दिखाएंगी दम

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की पूर्व छात्रा और होनहार वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने एक बार फिर भारतीय टीम में जगह बनाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय परिवार ने उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रो. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप और खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने ज्ञानेश्वरी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। हाल ही में हुई एशियाई वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2026 में ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा भार वर्ग में कुल 194 किग्रा वजन उठाया। इसमें स्नैच में 88 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 106 किग्रा शामिल था। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही स्नैच में 88 किग्रा भार उठाकर उन्होंने रजत पदक भी अपने नाम किया। मेडल की दावेदार मानी जा रही है।



### समूआ यूनिवर्सल कप में जीता स्वर्ण

अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट समूआ में आयोजित आईबीएफसी यूनिवर्सल कप 2026 में भी ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। वे भारतीय टीम की सदस्य रहीं। अब वे आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में ग्लासगो, यूके में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। छत्तीसगढ़ की यह बेटी एक बार फिर देश के लिए

### राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार गोल्ड

ज्ञानेश्वरी का खेल करियर शानदार रहा है। उन्होंने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता 2022-23 में गोल्ड मेडल, आल इंडिया प्रतियोगिता में गोल्ड और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में गोल्ड के साथ बेस्ट खिलाड़ी का खिताब हासिल किया है। 2022 में जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। 2025 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए ज्ञानेश्वरी को रायपुर में आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गुंडाधुर सम्मान से सम्मानित किया गया था। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में सेवारत हैं। खेल संचालक डॉ. डी.के. नामदेव ने कहा कि ज्ञानेश्वरी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन कर न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत का नाम गौरवान्वित कर रही हैं।

## मूर्तिकार डॉ. अंकुश ने बनाई भगवान जगन्नाथ की दुनिया में सबसे छोटी मूर्ति



**भिलाई।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने भगवान जगन्नाथ की दुनिया में सबसे छोटी मूर्ति का निर्माण किया है। उन्होंने उंगली के छोटे से नाखून पर जगन्नाथ, बालभद्र तथा देवी सुभद्रा की मूर्ति को स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ को माओवाद से मुक्त करने के लिए प्रभु को धन्यवाद दिया है, साथ ही देश में अच्छे वर्षा की कामना भी की है। यह मूर्तियां आधे सेन्टीमीटर छोटी है।

अंकुश देवांगन 1985 से छोटी मूर्तियां तथा चांवल के छोटे-छोटे दानों पर चित्रों का निर्माण करते आ रहे हैं। जिसकी प्रदर्शनी वे बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विगत 36 वर्षों से कर रहे हैं। ताकि बच्चों में सृजनशीलता का विकास हो और वे हिंसा के रास्ते में न जाएं। जिसका सदैव ही उचित प्रतिफल प्राप्त हुआ है। उनकी कला को देखने गांवों में त्यौहार सा माहौल बन जाता है। बहरहाल भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के सिलसिले में बनाए गए इस सूक्ष्मतम मूर्तियों में उनकी भाव-भंगिमाएं स्पष्ट दृष्टि गोचर हो रही है। इन मूर्तियों का निर्माण वे संगमरमर पत्थर को तराशकर करते हैं। वर्तमान में वे भिलाई इस्पात संयंत्र के मेडिकल विभाग में कार्यरत हैं। वे छत्तीसगढ़ के प्रथम कलाकार हैं जिन्हें भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय ने ललित कला अकादमी, नई दिल्ली की मानद सदस्यता दी है। जहां वे इसके बोर्ड मेंबर हैं।

नई कमेटी बढ़ायेगी समाजिक हित के सेवा कार्यों का दायरा और सकारात्मक बदलाव भी

कार्नर न्यूज

## रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग की नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी शमित वर्मा बने अध्यक्ष, सोनल रुंगटा सचिव नियुक्त

**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग के वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी ने पदभार संभाल लिया है। रोटेरियन शमित वर्मा को क्लब का नया अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि रोटेरियन सोनल रुंगटा ने सचिव की जिम्मेदारी संभाली है। रोटेरियन नवीन सिंघल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही नई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने भी कार्यभार ग्रहण किया। यह घोषणा रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग 43वीं एजीएम में की गई, जो बैकुंठ रिसॉर्ट्स में आयोजित हुई।

समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन पंकज कोठारी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां साझा करते हुए कहा कि क्लब ने पूरे वर्ष समाजहित में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित कीं। इसके बाद निवर्तमान सचिव रोटेरियन राहुल भंडारी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान टीम ने कॉमेडी शो गौरव कपूर फंडरेजर से जुटाई गई राशि में से दो लाख रुपये का




चेक भिलाई राउंड टेबल हेड बोर्ड को सौंपा। इस राशि का उपयोग शासकीय विद्यालय नरदहा में शौचालय ब्लॉक के निर्माण में किया गया। क्लब ने इसे समाज और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाने की दिशा में एक विशेष पहल बताया।

### बढ़ेगा सामाजिक कार्य का दायरा

समारोह में दिवंगत रोटेरियन अनिल बंसल को भी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने रोटरी संगठन और समाज के लिए उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन शशांक रस्तोगी ने अध्यक्ष पद के लिए रोटेरियन शमित वर्मा को शपथ दिलाई और नई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का औपचारिक पदस्थापन कराया। पदभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष शमित वर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य क्लब के सदस्यों के बीच आपसी सहयोग और भाईचारे को और मजबूत करना है। साथ ही समाजहित के सेवा कार्यों का दायरा भी बढ़ाएंगे। मुख्य अतिथि शशांक रस्तोगी ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग ने हमेशा समाज के लिए सार्थक कार्य किए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी भी प्रभावी सेवा परियोजनाओं के माध्यम से रोटरी के मूल्यों को आगे बढ़ाएगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेगी। समारोह के दौरान रोटेरियन अंकित लुनिया और रोटेरियन नमन कोठारी को क्लब की सदस्यता दिलाई गई और उनका स्वागत किया गया।

## सिटी इवेंट

# जिला देवांगन कल्याण समाज दुर्ग के अध्यक्ष बने रामानंद व धनुष सचिव





**दुर्ग।** जिला देवांगन कल्याण समाज दुर्ग का निर्वाचन मां परमेश्वरी आश्रम बघेरा, मोहलई रोड दुर्ग में संपन्न हुआ। चुनाव में जिले भर से आए समाजिकजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, तीन सहसचिव, एक संयुक्त कोषाध्यक्ष और पांच कार्यकारिणी सदस्यों के पदों के लिए नामांकन, नाम छंटनी और नाम वापसी की प्रक्रिया विधिवत पूरी की गई। सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्धारित पद संख्या से अधिक नामांकन प्राप्त नहीं होने के कारण सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष रामानंद देवांगन, रिसाली भिलाई सचिव धनुष राम देवांगन, कोषाध्यक्ष सी.एल. देवांगन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण देवांगन, कैलाश महाजन, लक्ष्मी देवांगन, संयुक्त कोषाध्यक्ष लीलाधर देवांगन, सहसचिव अश्वनी देवांगन, राम देवांगन, कल्पना देवांगन, कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेश देवांगन, कुलेश्वर प्रसाद, दिनेश देवांगन, भूमिका देवांगन, यशोदा देवांगन चुने गए। चुनाव को संपन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी रवि देवांगन और सह चुनाव प्रभारी सत्यनारायण देवांगन, भूपेंद्र देवांगन व मनीष देवांगन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रदेश के पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, महासचिव मुकेश देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष पोषण लाल देवांगन, अनिल देवांगन, मोहन देवांगन, संतु देवांगन, कमल देवांगन, चंदू देवांगन, महेंद्र देवांगन सहित सैकड़ों समाजिकजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा चुनाव अधिकारियों और प्रदेश पदाधिकारियों को पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के विकास और संगठन को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया।

## समाज लाइव

# छात्रावास के विद्यार्थियों को जीई फाउंडेशन ने दिए स्कूल बैग



**भिलाई।** सामाजिक संस्थान गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन ने नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित संदीपनी आवासीय बालक छात्रावास, फरीद नगर में निवासरत विद्यार्थियों को स्कूल बैग, नोटबुक, स्टेशनरी तथा खेलकूद सामग्री का वितरण किया। इस दौरान छात्रावास परिसर में विद्यार्थियों के साथ मौजूद लोगों ने वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्रावास के अधीक्षक रवि दुबे, अनुदेशक स्वेच्छा तिवारी एवं छात्रावास के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लई और के. वी. विनोद सहित टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा रामचंद्रन का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा। जीई फाउंडेशन ने उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। शिक्षा के साथ-साथ खेल और पर्यावरण संरक्षण भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। हमारा प्रयास है कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक शिक्षा और अवसर की रोशनी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि जीई फाउंडेशन द्वारा इससे पूर्व संजीवनी बालिका छात्रावास में भी छात्राओं को स्कूल बैग, नोटबुक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया था। संस्था द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर जनहितकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## समाज इवेंट

# नमस्ते दिवस पर स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान



**भिलाई।** नमस्ते दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सह जोन आयुक्त दिनेश कोसरिया ने कहा कि स्वच्छता दीदियां शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी स्वच्छता कर्मियों से सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता के साथ-साथ व्यक्तिगत सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना ने भी सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की जानकारी देते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पी.आई.यू अभिनव ठोकनेए सुभम पाटनी एवं ए.पी.एम. सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित कार्य वातावरण के लिए निगम द्वारा निरंतर प्रयास किए जाने की बात कही।

---

## कोहका कुरूद में उमा जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया

# शिव कथा में उमा के जन्मोत्सव संग बताया पार्वती के तप और त्याग का प्रसंग, भजनों में डूबे श्रद्धालु

भिलाई। धर्म नगरी कोहका कुरूद में शिव महापुराण कथा के चौथे दिन पूरा कथा स्थल परिसर भक्तिमय हो गया। स्व. चिंताराम यादव शिक्षक की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कथा वाचक ने माता उमा उर्फ पार्वती के दिव्य जन्म और जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। जन्म प्रसंग के साथ ही पंडाल जय माता पार्वती, हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर और मंगल गीत गाकर जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया।





### भजन-नृत्य और फूलों की वर्षा से मनाया जन्मोत्सव

माता उमा के जन्म प्रसंग का वर्णन होते ही पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। युवा और बच्चे भजन की धुनों पर आनंदपूर्वक नाचे। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जैसे ही जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर माता उमा का जन्मोत्सव मनाया। पूरा परिसर उत्सव के माहौल से सराबोर हो गया। कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।



### सती के त्याग के बाद उमा रूप में हुआ अवतार

कथा वाचक ने बताया कि माता सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में भगवान शिव का अपमान सहन न कर योगाग्नि में अपने प्राण त्याग दिए थे। जगत कल्याण के लिए उन्होंने पुनः हिमालयराज और रानी मैना के घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसी दिव्य स्वरूप को माता उमा अथवा पार्वती के नाम से जाना जाता है। बाल्यकाल से ही माता उमा भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए संकल्पित थीं। उन्होंने कठोर तप और अखंड भक्ति के बल पर भोलेनाथ को प्रसन्न कर उनसे विवाह किया। कथा वाचक ने कहा कि माता उमा का जीवन त्याग, तपस्या, नारी शक्ति, समर्पण और अटूट श्रद्धा का सर्वोच्च प्रतीक है। इससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### शिव कथा दे रही भक्ति और संस्कार का संदेश

शिव महापुराण कथा न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बनी हुई है, बल्कि समाज को संस्कार, तप और समर्पण का भी संदेश दे रही है। माता पार्वती के जीवन प्रसंगों से नारी शक्ति और दृढ़ संकल्प की सीख मिल रही है। कथा के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने अपील की है।

### पुण्यतिथि पर हो रही कथा, प्रसाद वितरण के साथ हुआ समापन

यह कथा स्व. चिंताराम यादव शिक्षक की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। कथा के समापन पर भगवान शिव और माता पार्वती की आरती की गई। आरती के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य और सफल बना दिया। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

---

## साहित्यिक संस्था आरंभ का आयोजन

# भिलाई जिंदाबाद... पुस्तक नहीं साहित्यकारों का दर्पण, इसे सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी

**भिलाई।** भिलाई निवास के इंडियन कॉफ़ी हाउस सभागार में प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के तत्वावधान में पुस्तक भिलाई ज़िंदाबाद कुछ किस्से-कुछ कहानियां के चर्चा-विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसपी ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर थे। अध्यक्षता आरंभ के मुख्य सलाहकार आचार्य डॉ.महेशचंद्र शर्मा ने की। मुख्य वक्ता निलेश त्रिपाठी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुस्थापित व्यंग्यकार विनोद साव और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला मौजूद थे। प्रारंभ में सरस्वती वंदना संध्या साटकर के मधुर गीत से शुरू किया गया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की



शुरुआत की गई। पुस्तक मुहम्मद जाकिर हुसैन ने लिखी है। स्वागत उद्बोधन आरंभ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने दिया। आयोजकीय व्यक्तत्व संयोजक शौकत इकबाल ने दिया। संचालन महासचिव नुरूस्सबाह खान एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रयम्बक राव साटकर अंबर ने किया।

नरेंद्र कुमार बंछोर ने भी इस विषय पर चिंता जताते हुए कहा कि बीएसपी स्कूल बंद हो रहे हैं कारण हमारे बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ना चाहते हैं। सेक्टर-9 हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है। टाउनशिप खत्म हो रहे हैं, मगर हम इस दिशा में मेंजमेंट के साथ बातचीत कर कोई सकारात्मक बदलाव की कोशिश कर रहे हैं। निलेश त्रिपाठी ने आज के हालात पर अपनी बात को रखा एवं भिलाई जिंदाबाद पुस्तक को एक उपयोगी कृति बताया। विनोद साव ने लेखक की दादी मरहूमा फातिमा बी. को समर्पित वाक्य आपने बीएसपी सेक्टर-1 अस्पताल के किचन में कोयले के भट्टी के सामने बरसों अपना खून जलाते हुए भरे-पूरे कुनबे को ठंडी छांव दी पर अपनी बात रखी। उन्होंने मैत्री बाग, सेक्टर-9 हॉस्पिटल का जिक्र किया एवं कल और आज के परिदृश्य को बताया। डॉ. हंसा शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने कहा कि विश्व के मानचित्र में भिलाई की अपनी एक पहचान है। भारत-सोवियत संघ से बना भिलाई स्टील प्लांट को बचाए रखने की आवश्यकता है। ऐसे समय इस पुस्तक भिलाई जिंदाबाद की महत्ता और बढ़ जाती है। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के सामुदायिक विभाग तथा बाद में क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समूह से सेवानिवृत्त प्रख्यात पंडवानी गायिका पद्म विभूषण स्व. तीजन बाई को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आलोक कुमार चंदा, दीप्ति श्रीवास्तव, शानू मोहनन, ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल सोनपांडर, शेफाली भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।

## सहकारी समिति का आयोजन

# बच्चों को पाठ्य पुस्तक का किया वितरण, पढ़ने की नसीहत



**भिलाई ।** उन्नति महिला सहकारी साख समिति मर्यादित भिलाई-दुर्ग के द्वारा पंजीयन के बाद से ही समाज सेवा का कार्य कर रहा है। समाज में जरूरतमंदो जिसमें वृद्धजनों को सहयोग, महिला समूहों को निशुल्क प्रशिक्षण, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, कानूनी सहायता दी जा रही है। सहकारी साख समिति के मुख्य कार्यालय सुपेला पोस्ट ऑफिस में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सामाजिक निगमित जिम्मेदारी के अंतर्गत बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में कक्षा पहेली से कक्षा 5 एवं 9वीं के बच्चे को नियमित शिक्षा जारी रखने पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी इस्माईल खान, सहकारी साख समिति के अध्यक्ष कौसर खान, प्रबंधक रत्ना चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी दुबे, संचालक प्रतिमा पारधी ,सुनीता ताम्रकार, रेखा दास, सुनीता कुमारी, शमीम अख्तर, रेहाना खान, रजनी मेहर, समृद्धि ताम्रकार, अवध विश्वकर्मा, रीना ऊके आदि मौजूद थे।

---

## आईआईटी भिलाई में पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# जनजातीय चिकित्सा के संरक्षण और एआई के उपयोग पर हुआ मंथन, 385 वैद्यों का चला पता

**कार्नर न्यूज**

…ाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में पारंपरिक स्वास्थ्य-ज्ञान पद्धति शोध एवं सतत आजीविका विकास विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पारंपरिक वैद्यों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जनजातीय चिकित्सा परंपरा को वैज्ञानिक आधार देने और स्थानीय समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।



### 385 वैद्यों का सर्वे, 40 वैद्य कर रहे वैज्ञानिक शोध में सहयोग

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब तक 385 पारंपरिक वैद्यों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। इनमें से 35 से 40 वैद्य वर्तमान में वैज्ञानिक अनुसंधान में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। उनके पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, प्रमाणीकरण और संरक्षण किया जा रहा है। इससे पारंपरिक ज्ञान को भविष्य के लिए सुरक्षित किया जा सकेगा।

### एआई और आधुनिक विज्ञान से जुड़ेगा पारंपरिक ज्ञान

वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई के माध्यम से इस ज्ञान को स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान और स्थानीय समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ा जा सकता है। कार्यशाला में कैंसर, मधुमेह, हड्डी फ्रैक्चर और न्यूरोलॉजिकल विकारों सहित विभिन्न रोगों में पारंपरिक उपचार पद्धतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। औषधीय पौधों के संरक्षण और सतत आजीविका के पहलुओं परभी मंथन किया गया।

### विशेषज्ञों ने भी रखे विचार

पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर से आए डॉ. अशोक कुमार प्रधान, राशिक प्रधान और उनकी टीम ने पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान के संरक्षण एवं वैज्ञानिक अनुसंधान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जनजातीय चिकित्सा की प्राचीन पद्धतियों को वैज्ञानिक कसौटी पर परखने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया।

### मात्रा लैब ने किया आयोजन


कार्यशाला का आयोजन मात्रा लैब, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी भिलाई द्वारा परियोजना के तहत किया गया। परियोजना का नेतृत्व डॉ. राजेश कुमार मुण्डोतिया ने किया। आयोजन में डॉ. सत्यजीत, डॉ. संतोष, डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा, मात्रा लैब की टीम और डॉ. निर्मल अवस्थी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी अतिथियों, पारंपरिक वैद्यों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### पारंपरिक ज्ञान राज्य की अमूल्य धरोहर

विकास मरकाम मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पौधा बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान राज्य की अमूल्य धरोहर है। इसका संरक्षण और संवर्धन हम सब की जिम्मेंदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का समन्वय स्वास्थ्य, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल सकता है।

## हेल्थ टिप्स

## आपकी इन आदतों की वजह से शरीर में जमने लगता है फैट



वजन बढ़ना आज के समय में बेहद आम समस्या है। हमारे देश में इस समस्या से करोड़ों लोग ग्रसित हैं। इसके पीछे कई कारण हैं, इन्हीं में से एक कारण हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें हैं भी हैं, जिसके बारे में आपको जानना चाहिए।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में वजन बढ़ना एक बेहद आम समस्या है, एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में लगभग 10 करोड़ से अधिक लोग इस समस्या से परेशान हैं। मोटापा सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक महामारी बन चुका है। यह धीरे-धीरे हमारे शरीर में घर करता है और अपने साथ डायबिटीज, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। अक्सर हम मोटापे को सिर्फ खाने-पीने से जोड़ते हैं, लेकिन इसके पीछे हमारे दिनचर्या की कुछ गलत आदतें भी होती हैं, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि हमारा बढ़ता तनाव, कम शारीरिक गतिविधि (गतिहीन जीवनशैली) और अनियमित खानपान, ये सब मिलकर शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने को बढ़ावा देते हैं। अच्छी बात यह है कि सही आदतों को अपनाकर इसे नियंत्रित भी किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आदतों के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप इन आदतों को सुधारकर एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। हमारी रोजमर्रा की कुछ आदतें जाने-अनजाने में मोटापे का कारण बनती हैं। इन्हें पहचानकर सुधारना जरूरी है-



### खानपान की कुछ आदतें

ज्यादा नमक, चीनी और सैचुरेटेड फैट (मक्खन, घी, पनीर) वाले खाना, जैसे फास्ट फूड, प्रोसेस्ड स्नैक्स और कोल्ड ड्रिंक तेजी से कैलोरी बढ़ाते हैं, जिससे वजन बढ़ता है।

### अनियमित नींद

हर दिन सोने और जागने का समय बदलना या पर्याप्त नींद न लेना शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ाता है। यह हार्मोन शरीर में चर्बी जमा करने में अहम भूमिका निभाता है।

### कम शारीरिक गतिविधि

दिनभर बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली मोटापे का एक बड़ा कारण है, क्योंकि इससे कैलोरी बर्न नहीं होती और फैट इकट्ठा होता है।

### मानसिक तनाव

मानसिक तनाव शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ाता है, जिससे भूख लगती है और मीठा खाने की इच्छा होती है, ये दोनों ही आदतें शरीर में फैट जमा होने में अहम भूमिका निभाती हैं। तनाव प्रबंधन मोटापे से निपटने के लिए बेहद जरूरी है।

### पानी कम पीना

शरीर में पानी की कमी भी मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है जिससे वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

### गतिहीन जीवनशैली का प्रभाव

आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधि



की कमी मोटापे का बड़ा कारण है। ऑफिस में या स्क्रीन के सामने लंबे समय तक बैठे रहने से भी शरीर में फैट इकट्ठा होने लगता है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग भी अप्रत्यक्ष रूप से मोटापे से जुड़ा है, क्योंकि यह गतिहीनता को बढ़ावा देता है। ये आदतें पेट के आसपास खतरनाक विसरल फैट को जमा करती हैं, जो हृदय रोग का जोखिम बढ़ाता है।

### वजन नियंत्रण के लिए उपाय


अगर आपको अपने वजन को नियंत्रित रखना है तो आप अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव करके इसे नियंत्रित कर सकते हैं। वेट लॉस करने के लिए खानपान में बदलाव जरूरी है। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे साबुत अनाज, फल, सब्जियां और दाल अपनी डाइट में शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं। डाइट में मीठी चीजों का सेवन को सीमित रखें। रोज नियमित रूप से हर दिन 30 मिनट व्यायाम करें। ऑफिस में लगातार बैठकर काम करने से परहेज करें, हर 1 घंटे पर थोड़ी देर के लिए कुर्सी से उठकर टहलें। पर्याप्त नींद लें और तनाव प्रबंधन के लिए मेडिटेशन या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।

### बारिश के दिनों में सेहत का रखें पूरा खयाल

# मानसून में संक्रामक रोगों से बचे रहना है तो कीजिए कुछ जरूरी उपाय, तनाव-शुगर पर भी रहेगा कंट्रोल

मानसून के मौसम में कई प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो गंभीर संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। इनसे बचे रहने के लिए कुछ जरूरी उपाय किए जा सकते हैं। मानसून के दिनों में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। नमी वाले इस मौसम में कई प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो गंभीर संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में तुलसी का काढ़ा पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।तुलसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे भारतीय पारंपरिक चिकित्सा में विशेष स्थान प्राप्त है। मानसून के दौरान संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और तुलसी का काढ़ा इनसे बचाव में सहायक हो सकती है।

अध्ययनों में तुलसी की पत्तियों और इसके अर्क को सेहत के लिए बहुत लाभप्रद पाया गया है। इसमें विटामिन-ए और सी के साथ कैल्शियम, जिंक, आयरन पाया जाता है जिसकी हमारे शरीर को नियमित आवश्यकता होती है। आपको फ्लू जैसे संक्रामक रोगों से बचाने से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने तक के लिए इसे फायदेमंद पाया गया है।



### कैसे बनाएं काढ़ा?

तुलसी का काढ़ा बनाना काफी आसान है। इसके लिए एक पैन में 2 कप पानी उबालें। इसमें तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च, और लौंग डालें। इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर उबलने दें, जब तक कि पानी आधा न हो जाए। अब इसे छानकर कप में निकालें और स्वादानुसार शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं।



तुलसी का काढ़ा मानसून में रोजाना पीने से आप स्वस्थ और संक्रमण मुक्त रह सकते हैं। हालांकि, यदि आपको किसी विशेष प्रकार की स्वास्थ्य समस्या है या आप गर्भवती हैं, तो इसके सेवन करने से पहले किसी चिकित्सक से परामर्श करें।

### शुगर और हार्ट के रोगियों के लिए लाभकारी

शुगर-कोलेस्ट्रॉल दोनों ही समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बढ़े हुए ब्लड शुगर का स्तर आंखों, तंत्रिकाओं से लेकर हृदय की समस्याओं को बढ़ाने वाला माना जाता है, वहीं हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण हृदय रोग-हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ जाता है, इसे कंट्रोल में रखना जरूरी है। तुलसी की पत्तियों का सेवन या इससे तैयार काढ़ा पीना इन दोनों स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम करने में मददगार है।

### दूर रहती है चिंता-तनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया दैनिक आहार में तुलसी को शामिल करके इससे लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तुलसी की चाय, इसकी पत्तियों या अर्क का सेवन करके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है। तुलसी का काढ़ा एक प्राकृतिक एडेप्टोजेन माना जाता है, जो शरीर को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करती है। यह मानसिक शांति और संतुलन को बढ़ाने के लिए भी



सहायक है। स्ट्रेस की समस्या से परेशान लोगों को भी काढ़ा पीने से लाभ मिल सकता है।

### इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संक्रमणों से लड़ने में मदद करते हैं। तुलसी का काढ़ा श्वसन तंत्र को साफ करता है और बलगम को कम करने में मदद करता है। ऐसे में इसके सेवन से सर्दी, खांसी, और गले की खराश जैसी समस्याओं में राहत मिल सकती है। तुलसी में मौजूद प्राकृतिक एंटीबायोटिक गुण मानसून में फैलने वाले सामान्य संक्रमणों से भी आपको सुरक्षित रखने में सहायक है। मानसून का समय आते ही दुनियाभर में अर्बोवायरल रोगों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। हर साल इन बीमारियों के कारण हजारों लोगों की मौत हो जाती है। अर्बोवायरल रोग, उन वायरल बीमारियों को कहा जाता है जो संक्रमित कीटों मुख्यतः मच्छरों और टिक्स के काटने से मनुष्यों में फैलता है।



## बॉक्सिंग- फुटबॉल में बाजी मारी बिलासपुर ने

**रायपुर।** राजधानी में जारी सुब्रतो कप फुटबॉल और बॉक्सिंग में मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। इन खेलों मे सभी वर्गो मे बिलासपुर नै बढ़त बनाई है। अधिकांश खिलडिओ नै अपने वर्ग मे जीत दर्ज की है। 14 वर्ष बालक के नतीजो में 30 केजी मे दुर्ग से नयन, -32 केजी मे रायपुर से गौरव, -36 केजी मे बस्तर से रूद्र, -38 केजी मे बस्तर के आदित्य, -40 केजी मे बिलासपुर से आदित्य, -42 केजी मे रायपुर से तुलेश्वर, -44 केजी मे रायपुर से आदित्य, -46 केजी मे दुर्ग से समर, -48 केजी मे रायपुर से जहूर, -50 केजी मे दुर्ग से उमेश राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा हेतु चयनित हुए।

इसी तरह17 वर्ष बालक वर्ग - 46 केजी मे बिलासपुर से आर्या चौहान, -48 मे शेख जिंदान, - 50 केजी मे बिलासपुर से रघुवीर, -52 केजी मे दुर्ग से चितेश्वर, 54 केजी मे बिलासपुर से योगी, -57 केजी मे बिलासपुर से हर्षित, -60 केजी मे रायपुर से साक्ष वासुदेव, 63 केजी मे रायपुर से गिरजानांद, -66 केजी मे बिलासपुर से आशीष, -70 केजी मे बिलासपुर से निखिल, -75 केजी मे बिलासपुर से दुष्यंत कुमार, 80+ केजी मे रायपुर से प्रवीण सिंह,19 वर्ष आयु समूह मे -46 केजी मे दुर्ग से अभिराज,-49 केजी मे दुर्ग से तुलेन्द्र, -52 केजी मे रायपुर से हर्ष, -56 केजी मे रायपुर के खूबराज, - 60 केजी मे बिलासपुर से अमीन, -64 केजी मे बिलासपुर के ओम, -69 केजी मे बिलासपुर के मुबीन, -75 केजी मे दुर्ग से रितेश -81 केजी मे रायपुर नै प्रणीत, -91 केजी मे बस्तर से तन्मय और 91+ केजी वजन समूह मे प्रीतम का नेशनल स्कूल गेम्स बॉक्सिंग के लिए चयन हुआ है। इस खेल को सम्पन्न करने वाले ऑफिशियल, तोशिन साहू, सीमावती भगत, सनत साहू, योगेंद्र कुमार, हिमांशु साहू, सीतेश्वर साहू, रोहित साहू,विशाल हियाल,संयोजक उमेश सिंह ठाकुर, तकनीकी सहयोगी विवेक साहू, सूरज यादव और अपर्णा दीवान रहे। इसी प्रकार सुब्रतो फुटबाल के परिणाम में 15 वर्ष बालक वर्ग मे बस्तर ने रायपुर को 4/0 से, रायपुर नै दुर्ग को 4/0 से, सरगुजा नै दुर्ग को 2/1 से हराया इसी प्रकार 17 वर्ष बालक मे बस्तर नै रायपुर को 2/1 से हराया, और सरगुजा नै दुर्ग को 2 /0 से हराया। बालिका 17 वर्ष आयु समूह मे बस्तर ने रायपुर को 5/0 से हराया और दुर्ग व रायपुर के बिच मैच ड्रॉ रहा। वही सरगुजा नै दुर्ग को 2/1 से हराया। खेल के निर्णायक ईश्वर राव, विमल साहू, बृजभूषण सिंह, बृजेश सिंह, रफीक ख़ान, युवराज साहू,असीम राज कुजूर,विशाल किस्पोट्टा,साध्य साहू,पी चित्रांश राव,पप्पू सोनी,प्रवीण चंद्राकर,मेघा पटेल,कृति पटेल, देविका यादव और अन्नपूर्णा रावत रहे।



## जीभ के रंग से पता लगा सकते हैं सेहत का हाल

हमारी जीभ सिर्फ स्वाद नहीं बताती, बल्कि हमारे सेहत का आईना भी है। स्वस्थ जीभ हल्की गुलाबी होती है, पर अगर इसका रंग असामान्य दिखे, तो यह किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। आइए जानते हैं की जीभ का रंग बदलने पर किन बीमारियों का संकेत हो सकता है।

हमारे शरीर का हर अंग हमारी सेहत के बारे में कुछ न कुछ जरूर बताता है, और इनमें से एक है हमारी जीभ। यह सिर्फ स्वाद चखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समग्र स्वास्थ्य की स्थिति का एक अहम आईना होती है। आमतौर पर एक स्वस्थ जीभ हल्की गुलाबी, नम और उस पर एक हल्की सी सफेद परत होती है।

### सफेद जीभ और इसके कारण

सफेद जीभ या मोटी सफेद परत अक्सर खराब मौखिक स्वच्छता, फंगल इन्फेक्शन (जैसे ओरल थ्रश) या डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकती है। कैंडिडा यीस्ट के कारण होने वाला ओरल थ्रश बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में आम है। इसके अलावा, ल्यूकोप्लाकिया, एक ऐसी स्थिति जिसमें सफेद धब्बे बनते हैं, मुंह के कैंसर का प्रारंभिक संकेत हो सकती है। धूम्रपान और तंबाकू का उपयोग भी सफेद जीभ का कारण बनता है। नियमित ब्रशिंग और जीभ की सफाई इस समस्या को कम कर सकती है।

### लाल या चटक गुलाबी जीभ

असामान्य रूप से लाल या चटक गुलाबी जीभ विटामिन बी की कमी, विशेष रूप से बी12 या फोलिक एसिड, का संकेत हो सकती है। यह स्कार्लेट बुखार या कावासाकी रोग जैसी बीमारियों से भी जुड़ी



हो सकती है। इसके अलावा, जीभ पर लाल धब्बे या चिकनी सतह (ग्लोसाइटिस) एलर्जी, संक्रमण या ऑटोइम्यून रोगों का लक्षण हो सकती है। ऐसी स्थिति में रक्त जांच और डॉक्टर से परामर्श जरूरी है।

### पीली जीभ

पीली जीभ अक्सर पाचन संबंधी समस्याओं, जैसे गैस्ट्राइटिस या लिवर की खराबी, का संकेत देती है। यह बैक्टीरियल ग्रोथ या खराब मौखिक स्वच्छता के कारण भी हो सकती है। कई बार जीभ का पीला होना जॉन्डिस या पीलिया बीमारी का लक्षण भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### जीभ को स्वच्छ रखने के उपाय

जीभ के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित मौखिक स्वच्छता जरूरी है। दिन में दो बार ब्रश करें और जीभ को टंग स्क्रेपर से साफ करें। पर्याप्त पानी पिएं, ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। धूम्रपान, तंबाकू से परहेज करें। अपनी डाइट में संतुलित आहार शामिल करें। यदि जीभ का रंग या बनावट असामान्य हो और यह एक सप्ताह से अधिक समय तक रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## किचन कैबिनेट्स साफ करते वक्त रहें सावधान



किचन कैबिनेट्स को साफ करना भी जरूर है, लेकिन लकड़े के कैबिनेट्स को आप किन चीजों से साफ कर रही हैं, यह जानना जरूरी हैं। कुछ चीजें लकड़ी को खराब कर सकती हैं। आइए आपको इस लेख में बताएं कि किन चीजों से किचन कैबिनेट्स को साफ नहीं करना चाहिए।

### पानी से सफाई करने से हो सकता है नुकसान

लकड़ी नमी से बहुत जल्दी खराब हो जाती है। अगर कैबिनेट्स पर बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया जाए या उन्हें बहुत देर तक गीला छोड़ दिया जाए, तो लकड़ी फूल सकती है। उसमें दरारें पड़ सकती हैं और उसका फिनिश खराब हो सकता है। पानी लकड़ी के अंदर घुसकर उसे सड़ा भी सकता है। इसके बजाय, एक नम कपड़े का उपयोग करें और फिर तुरंत सूखे कपड़े से साफ करें।

### अब्रेसिव क्लीनर और स्क्रबिंग पैड का इस्तेमाल न करें

स्टील वूल, खुरदुरे स्पंज या किसी भी प्रकार के अब्रेसिव क्लीनर का उपयोग लकड़ी के कैबिनेट्स पर नहीं करना चाहिए। ये लकड़ी की सतह को खरोंच सकते हैं, जिससे उसकी चमक खत्म हो सकती है और उस पर स्थायी निशान पड़ सकते हैं। हमेशा नरम माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। युक्त उत्पाद लकड़ी के फिनिश को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अमोनिया लकड़ी के रंग को फीका कर सकता है और उसकी प्रोटेक्टिव लेयर को तोड़ सकता है, जिससे लकड़ी खराब होने लगती है।

कार्नर न्यूज

### जिम जा रहे हैं तो साथ रखें किट, दिखने लगेगा असर

# फिटनेस किट में जरूर रखें कुछ जरूरी एसेसरीज, आपके वर्कआउट परफॉर्मेंस बढ़ाने में मिलेगी मदद

बॉडी को हेल्दी रखने के लिए अच्छा और हेल्दी खाने के साथ एक्सरसाइज भी काफी जरूरी है। इसके लिए लोग कई तरह की फिजिकल एक्टिविटी करके खुद को फिट रखने की कोशिश करते हैं।

आदि। इन सभी फिजिकल एक्टिविटी से फिट रहने, वेट लॉस और मसल्स में काफी मदद मिलती है। अधिकतर लोग जिम तो जाने लगे हैं, लेकिन बिना तैयारी के। यानी, जिम जाने के लिए जो किट या बैग लेकर जाते हैं, हो सकता है, आप उसमें वो चीजें या एसेसरीज न ले जाते हों, जिनकी आपको जरूरत पड़ सकती है।

जिस तरह घर में वर्कआउट/एक्सरसाइज करने के लिए फिटनेस एक्युपमेंट्स खरीदते हैं या फैमिली के साथ एक्सरसाइज करने के लिए होम वर्कआउट के लिए इक्युपमेंट खरीदते हैं, उसी तरह फिटनेस किट के लिए भी कुछ सामान खरीदना चाहिए।

जिम बैग या फिटनेस किट में कुछ चीजें होना काफी जरूरी होता है, जो कि वर्कआउट के पहले, दौरान और बाद के एक्सपीरियंस को और भी बेहतर बना सकती हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि फिटनेस किट में कौन सी चीजें रखना बेहतर हो सकता है।



### फैट ग्रिप्ज

बार्बेल पर अच्छी पकड़ बनाने के लिए फैट ग्रिप्ज या ओवरसाइज्ड ग्रिप का होना काफी जरूरी है। इसका कारण है एक्सपर्ट के मुताबिक, मोटी ग्रिप से एक्सरसाइज करने से रिजल्ट जल्दी मिलता है। अगर आप आर्म की एक्सरसाइज कर रहे हैं तो हमेशा मोटे बार्बेल से ही करें। अगर मोटी बार्बेल या रॉड नहीं है, तो उस समय यह फैट ग्रिप्ज आपके काम आएंगी। यह ग्रिप पावर में सुधार करते हैं और अधिक मसल्स को एक्टिवेट करती हैं।

### हैंड सैनिटाइजर

जिम को काफी लोग पसंद तो करते हैं लेकिन, यह काफी कीटाणु वाली जगह होती है। इसका कारण है कि जिम में कई तरह के लोग आते हैं, जिनमें से कुछ लोग हाइजीन मेंटेन करते हैं और कुछ नहीं। जिम की मशीनों को हर कोई निश्चित ग्रिप वाली जगह से ही पकड़ता है, जिससे संक्रमण, वायरस की चपेट में आने के चांसेज बढ़ जाते हैं।



यदि आप अपने स्थानीय जिम में कीटाणुओं को देख सकते, तो आप शायद वर्कआउट करने के लिए जिम भी नहीं जाते। वहीं कोरोना काल में वायरस का संक्रमण अधिक बढ़ गया है, इसलिए फिटनेस किट में हैंड सैनिटाइजर रखना काफी जरूरी होगा। समय-समय पर उससे हाथों को सैनिटाइज करते रहें।

### मॉइश्चराइजर

वर्कआउट करने से त्वचा में काफी निखार आता है, इसलिए जब अपना वर्कआउट खत्म करते हैं तो त्वचा को अच्छे मॉइश्चराइजर से पोषण देने की आवश्यकता होती है। शरीर और चेहरे के मॉइश्चराइजर के साथ-साथ हम लिप बाम भी लगाने की सलाह देते हैं। यदि आप कर सकते हैं, तो ऐसे प्रोडक्ट्स का उपयोग करने का प्रयास करें जिनमें प्राकृतिक तत्व हों, जैसे कि MensXP Shop पर मिलने वाले ऑर्गेनिक प्रोडक्ट। यदि जिम में एक्सरसाइज के बाद बाल धोते हैं तो आपको रीहाइड्रेटिंग शैंपू और कंडीशनर का भी उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए।

### मिनी लूप्ड रेजिस्टेंस बैंड

रेजिस्टेंस बैंड, फिटनेस किट में जरूर शामिल होना चाहिए। इसका कारण है कि यह बिल्कुल जगह नहीं घेरते हैं और मसल्स को एक्टिवेट करने में यह काफी मदद करते हैं।

